दैनिक
MNN Mission of Truth
# मिशन नेशनल न्यूज
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़ें: www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-354 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार,शनिवार , 21 दिसंबर 2024

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

**चंडीगढ़**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश चौटाला का आज निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे और गुरुग्राम में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से हरियाणा और देश की राजनीतिक दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई है।

ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने चार बार राज्य के मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया और अपनी बेहतर सेवाएं दीं।




उनके कार्यकाल को ग्रामीण विकास, कृषि क्षेत्र में सुधार और सामाजिक योजनाओं के लिए याद किया जाता है। चौटाला परिवार हरियाणा की राजनीति में दशकों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता चला आ रहा है।

### निजी जीवन

ओमप्रकाश चौटाला का जन्म 1 जनवरी 1935 को हरियाणा के सिरसा जिले में हुआ था। वे चौधरी देवी लाल के पुत्र थे, जो हरियाणा के एक दिग्गज नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। चौटाला ने अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

## प्रदेश के 10 जिलों में बेटियों के रहने की मुफ्त व्यवस्था करेगी योगी सरकार

**लखनऊ,**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार घरेलू हिंसा से पीड़ित और आपदा वाली महिलाओं के पुर्नवासन और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रदेश भर में शक्ति सदन का संचालन शुरू कर रही है। इसके लिए प्रदेश के 10 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पुनर्वासन और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जाने का भी काम होगा। भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत योगी सरकार इस शक्ति सदन का संचालन करेगी। पायलट प्रोजक्ट के तहत प्रदेश के 10 जिलों में शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और इसको लेकर आगे की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। शक्ति सदन में 50 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। इसके लिए आवासीय भवन का चयन किया जा रहा है। यह भवन ऐसे स्थान पर होगा, जहां से जिला मुख्यालय निकट हो और उस स्थान तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो। महिला कल्याण विभाग प्रदेश के 10 जिले वाराणसी, अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोण्डा, बस्ती, मिजार्पुर और सहारनपुर में शक्ति सदन के संचालन करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जया बच्चन का चोटिल सांसद सारंगी पर तंज, अभियन से जुड़े सभी अवॉर्ड इन्हें दिए जाएं

**नई दिल्ली**

राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने चोटिल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद सारंगी अभियन कर रहे हैं। दरअसल सारंगी संसद भवन की सीढ़ियों से गिर कर जख्मी हो गए थे। शुक्रवार को संसद भवन परिसर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की माफी और इस्तीफे की मांग के साथ विपक्ष प्रदर्शन कर रहा है। इसी प्रदर्शन में शामिल जया बच्चन ने कहा, ह्लहम लोग सभी हाउस के अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, सत्ता पक्ष के लोगों ने हमें जाने नहीं दिया। सभी सीढ़ी में मोटे-मोटे लोग खड़े थे। ऐसी स्थिति में अगर कोई दूसरे पर गिरेगा, तब उसके बगल वाला भी गिरेगा। मैं यही कहूंगी कि यह सब बेकार का ड्रामा है। उन्होंने कहा, ह्लनारंगी, राजपूत और नागालैंड की महिला सांसद से अच्छा अभियन कोई भी नहीं कर सकता है। यह सभी (भाजपा के नेता) लोग सीढ़ी पर खड़े थे। नीचे हम लोग खड़े थे। हम ऊपर जाने की कोशिश कर रहे थे। मैं कहूंगी कि अभियन से जुड़े सभी अवॉर्ड इन लोगों को दिया जाना चाहिए। यह सब कुछ किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह था। मैं खुद ही इसकी गवाह हूं कि ये लोग हमें संसद में जाने से रोक रहे थे। इन लोगों ने हमें धक्का दिया था, ताकि हम संसद में नहीं जा सकें।

### महाकुंभ में लोगों के ठहराने के लिए सरकार घरों को बना रही होम स्टे

**प्रयागराज,**

महाकुंभ 2025 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए यूपी सरकार पूरी तरह से जुटी है। इस बार कुंभ में उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं को ठहराना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनमें स्थानीय घरों को होम स्टे में बदलने की योजना तैयार की जा रही है।अब तक 26 घरों को होम स्टे बनाया गया है, और 36 अन्य घरों को होम स्टे में तब्दील करने के लिए आवेदन आए हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक होम स्टे में श्रद्धालुओं को घर जैसा माहौल मिलेगा, जिसमें वे पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इन घरों में कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे होने चाहिए। साथ ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और खाने की व्यवस्था मकान मालिकों को ही करनी होगी। इन होम स्टे की जानकारी और बुकिंग महाकुंभ मेला और यूपी पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा टेंट सिटी और होटलों में ठहरने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। प्रयागराज के सभी छोटे-बड़े होटलों और गेस्ट हाउस की क्षमता का आकलन किया जा रहा है। होटल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया न वसूलें। इसके अलावा कई हैरिटेज प्रॉपर्टीज को भी ठहरने की सुविधा में तब्दील किया जा रहा है।

## सरकार और संगठन एक नाव मेड्ड सवार

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड में एक नई राजनीतिक परिभाषा को फलीभूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने जिस विजन के साथ अपने कदम आगे बढा रखे हैं उससे उत्तराखण्ड भाजपा एक नये संचार के साथ आवाम के बीच खडी हुई दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री ने अपने शासनकाल में सरकार व संगठन को एक नाव मे सवार करके यह दिखा दिया है कि जब सरकार व संगठन एक साथ आगे बढती है तो कोई भी समुद्र या नदी उस नाव को डूबा नहीं सकता? मुख्यमंत्री ने संगठन को साथ लेकर चलने का जो हुनर तीन साल से दिखा रखा है उसी का परिणाम है कि आज राज्य के अन्दर हर चुनाव में सरकार व संगठन एक साथ आकर विपक्ष को चुनावी रणभूमि में ढेर करने के मिशन में आगे बढी हुई है। मुख्यमंत्री का हमेशा मानना रहा है कि संगठन का कार्यकर्ता पार्टी की ताकत होता है और कार्यकताओं के बल पर ही सरकारें बना करती हैं। मुख्यमंत्री अपने शासनकाल में पार्टी व संगठन के छोटे से लेकर बडे कार्यकर्ता को जिस अंदाज में अपने करीब लाने के लिए उन्हें एकसूत्र मे बांध रखा है वह किसी से छिपा नहीं है और जब केदारनाथ उपचुनाव हुआ तो सरकार और संगठन ने एक सूत्र में बंधते हुए चुनाव संग्राम को फतेह कर विपक्ष को यह आईना दिखा दिया था कि सरकार और संगठन एक साथ खडे हैं और राज्य के विकास मे भी वह एक साथ रहकर उत्तराखण्ड को एक नया उत्तराखण्ड बना रहे हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजनीति की उस किताब को पढा है जिसमें यह दशार्या गया कि किस तरह से एक राजनेता सफलता की सीढी पर आगे बढ सकता है। मुख्यमंत्री ने सियासत मे एक नई अलख जगाने के लिए आवाम को अपना परिवार माना और उन्होंने यह साफ संदेश दे दिया था कि वह जननायक के रूप में आवाम के सेवक बनकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री को इस बात का इल्म था कि उत्तराखण्ड को हासिल करने वाली मातृशक्ति राज्य की भाग्यविधाता है और उसी के चलते मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति को स्वरोजगार की दिशा में आगे ले जाने का जो हुनर दिखा रखा है उससे आज पहाडों में मातृशक्ति स्वरोजगार के बल पर अपने हुनर का डंका बजा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पहाडी जनपदों में मातृशक्ति को स्वरोजगार से जोडने के लिए सरकार की ओर से उन्हें जो सुविधायें देने का सिलसिला शुरू कर रखा है उससे आज पहाडों में मातृशक्ति मुख्यमंत्री की स्वरोजगार योजना को लेकर खूब उत्साहित हैं और यही कारण है कि आज मुख्यमंत्री को मातृशक्ति उत्तराखण्ड का एक नया भाग्य विधाता मान चुकी है।

उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री की कमान संभालने वाले पुष्कर सिंह धामी शुरूआती दौर मे भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के दौरान युवा पीढी को साथ लेकर पार्टी को एक नई ऊर्जा देने के लिए हमेशा आगे बढते थे। पुष्कर सिंह धामी ने उस दौर मे युवाओं के बीच अपनी जो एक बडी पैठ बनाई थी उसी का नतीजा है कि जब पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखण्ड का मुख्यमंत्री बनाया गया तो सबसे ज्यादा जोश भाजपा के युवा कार्यकताओं मे देखने को मिला था। भाजपा के छोटे से छोटे कार्यकताओं के बीच सीधी पकड बनाने वाले पुष्कर सिंह धामी जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुये तो उन्होंने अपने पुराने दौर के सभी युवाओं को संदेश दिया था कि सबने एक साथ मिलकर सरकार के विजन को आगे बढाना है। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल मे भाजपा के छोटे से छोटे कार्यकर्ता से लेकर बडे-बडे राजनेताओं को एकसूत्र मे बांधकर मुख्यमंत्री तीन साल से राजनीति के सफल दौर से अपना सफर आगे बढा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने अब तक के कार्यकाल मे सरकार और संगठन को साथ लेकर चलने मे ही विश्वास दिखाया है और उनके शासनकाल मे कभी भी सरकार व संगठन के बीच तिनकाभर भी टकराव देखने को नहीं मिला।

मुख्यमंत्री ने अपने शासनकाल मे भाजपा का इकबाल इतना बुलंद कर दिया है कि हरिद्वार के जिस मंगलौर सीट पर हमेशा भाजपा प्रत्याशी तीसरे नम्बर पर रहता था इस बार उपचुनाव मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चाणक्य राजनीति के चलते भाजपा प्रत्याशी जीत की बाउण्ड्री लाइन पर पहुंचने मे कामयाब हुआ और इस कामयाबी मे मुख्यमंत्री का सबको साथ लेकर चलना ही माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कार्यकाल मे भाजपा के हर छोटे-बडे कार्यकर्ता को एक बडे सम्मान के साथ उसे अपना आशीर्वाद दिया हुआ है और उनके दरबार मे भाजपा का छोटे से बडा कार्यकर्ता भी उनसे मिलने मे कभी कोई दिक्कत नहीं रहती क्योंकि मुख्यमंत्री अपनो से हमेशा मिलने के लिए अगली पक्ति मे खडे रहते हैं। मुख्यमंत्री आज के इस दौर मे एक जन नायक के रूप मे आवाम के सामने खडे हैं और आवाम सिर्फ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ही अपना रक्षक मानकर उनमे अपनी आस्था दिखा रही है तो वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी भाजपा को एकसूत्र मे बांधकर आगे बढ़ रहे हैं।

भाजपा हाईकमान मुख्यमंत्री की राजनीतिक कला से काफी प्रभावित हैं क्योंकि उन्हें इस बात का इल्म हो चुका है कि पुष्कर सिंह धामी सरकार और संगठन को एक सूत्र में पिरोकर उत्तराखण्ड को एक नई दिशा में आगे ले जा रहे हैं। धामी की राजनीतिक कला भाजपा सियासत में सुपर दिखाई दे रही है और उसी के चलते विपक्ष को यह समझ मे नहीं आ रहा है कि वह मुख्यमंत्री की चाणक्य नीति से चलाई जा रही सरकार को लेकर ऐसा कौन सा तोड सामने लाये जिससे कि उन्हें निकाय से लेकर राज्य मे होने वाले चुनाव में जीत का अवसर मिल सके।

## अब कोई भी राजनीतिक दल संसद भवन के द्वार पर नहीं करेगा धरना या प्रदर्शन

### -लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सदन की गरिमा का रखें ख्याल

**नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में घोषणा करते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संसद परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी



प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की भावना प्रभावित होती है।

उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, और इसका सभी को आदर करना चाहिए। बता दें गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों चोटिल सांसदों का हालचाल भी जाना था। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि राहुल गांधी बीआर आंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया, धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए यह साजिश हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चीफ सेक्रेटरी को फटकार, क्यों नष्ट नहीं हो रहा कचरा

**नई दिल्ली**

दिल्ली में कचरे की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर दिन 3000 टन कचरा अनट्रीटेड रह जाता है, जो बहुत शर्मनाक है। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि इस समस्या का समाधान कब होगा और सरकार इससे निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है।

दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन कचरा इकट्ठा होता है, जिसमें से 8 हजार टन कचरे को नष्ट कर दिया जाता है, जबकि 3 हजार टन कचरा नष्ट नहीं हो पाता है। कोर्ट ने गाजीपुर और भलसवा जैसी जगहों पर कचरा नष्ट करने के लिए आग लगाने पर भी नाराजगी जताई, जो पर्यावरण के लिए बहुत खतरनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक और शर्मनाक है, और इस पर कार्रवाई की जरुरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न तो प्रशासन कचरे को नष्ट करने के लिए प्रभावी तरीके ढूंढ पा रहा है और न ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 को लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से गाजीपुर और भलसवा में 3,800 टन कचरे को लेकर 15 जनवरी, 2025 तक शपथ पत्र देने को कहा है। इसमें यह बताया होगा कि इन जगहों पर कचरे की आग को रोकने और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली चीफ सेक्रेटरी को फटकार लगाते हुए कहा कि कचरे को नष्ट करने के उपायों में इतनी ढिलाई क्यों। जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अगर इतनी गंभीरता से काम हो रहा है तो दिल्ली सरकार और एमसीडी कंस्ट्रक्शन रोकने जैसे तात्कालिक उपाय क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है

## संपादकीय

# पिघली अवरोध की बर्फ

यह हकीकत है कि चीन भौगोलिक रूप से हमारा पड़ोसी है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। ऐसे में जरूरी है कि तमाम विसंगतियों के बावजूद अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के साथ पड़ोसी से रिश्ते बेहतर बनाए जाएं। लंबी खटास व तनातनी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में हुई हालिया बैठक के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। बीजिंग में डोभाल व वांग तथा दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक निश्चित रूप से कूटनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति कही जा सकती है। खास-कर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद पांच वर्षों में यह पहली बातचीत, दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व सतर्क बदलाव को ही दशार्ती है। दरअसल, इस चर्चा का केंद्र लद्दाख पर अक्तूबर 2024 के समझौते का कार्यान्वयन था। यह सुखद ही है कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर शांति बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी। निश्चय ही यह कदम भविष्य में संघर्षों को रोकने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सीमा व्यापार बढ़ाने, सीमा पार नदियों का डेटा साझा करने तथा कैलाश मानसरोवर की यात्रा को फिर से शुरू करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहन करने के उद्देश्य से छह सत्री सहमति पर भी जोर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की सहमति से सारी चुनौतियां एकदम खत्म हो चुकी हैं। निर्विवाद रूप से सीमा विवाद एक संवेदनशील व जटिल मुद्दा बना है। जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आपसी विश्वास में व्याप्त कमी को दूर किया जाए। निश्चित रूप से व्यावहारिक कूटनीति के साथ विश्वास निर्माण के उपायों को कदम दर कदम बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इन प्रतिबद्धताओं को अमलीजामा पहनाने के लिये सतर्कता के साथ और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। बहरहाल, खट्टे-मीठे रिश्तों और लंबी कटुताओं के बावजूद इस बैठक के निहितार्थों को व्यापक संदर्भों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निर्विवाद रूप से चीन आज दूसरी बड़ी वैश्विक शक्ति है। भारत ने भी आर्थिक व अन्य क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसके बावजूद दोनों ही देश वैश्विक शक्ति की बदलती गतिशीलता से जूझ रहे हैं। खासकर अमेरिका में होने जा रहे राजनीतिक परिवर्तन से उबरने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर। ऐसे में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को दोनों देशों की एकजुटता प्रभावित करने की क्षमता रखती है। खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय प्लेटफॉर्मों में सहयोगात्मक पहल से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। निस्संदेह, दोनों देशों की सीमा पर शांति की पहल एक श-ुरूआत मात्र है। इसके उपरांत दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क, व्यापार बाधाओं व असंतुलन को दूर करना वक्त की जरूरत है। हमें सांस्कृतिक सहयोग के जरिये दोनों देशों के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का लाभ उठाना चाहिए। विश्वास कायम करने और संघर्ष की छाया दूर करने के लिये ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। निस्संदेह, रिश्तों को सामान्य बनाने का रास्ता लंबा है, लेकिन सार्थक संवाद से अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आशा लगातार बनी रहती है।

# त्याग, तपस्या व धर्म की साक्षात प्रतिमूर्ति थी संन्यासिनी ललिताम्बा माता- महंत दुगेर्शानन्द

## श्रद्धापूर्वक मनायी गयी संन्यासिनी ललिताम्बा माता की 18वीं पुण्यतिथि

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** श्री मानव कल्याण आश्रमों की संस्थापिका गौभक्त संन्यासिनी ललिताम्बा माता की 18वीं पुण्यतिथि श्री मानव कल्याण आश्रम के महंत स्वामी दुगेर्शानन्द महाराज के सानिध्य, ललिताम्बा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरूद्ध भाटी के संचालन में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी।

इस अवसर पर महंत स्वामी दुगेर्शानन्द महाराज ने कहा कि संन्यासिनी ललिताम्बा माता त्याग, तपस्या व धर्म की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं। जिन्होंने गौ रक्षा आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जेल यात्रा तक की थी। हरिद्वार, अहमदाबाद व बद्रीनाथ में स्थित श्री मानव कल्याण आश्रम सनातन हिन्दू धर्म को उन्हीं की ही देन है जो सेवा और धार्मिक अनुष्ठानों का केन्द्र बने हुए हैं।



ललिताम्बा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने ब्रह्मलीन संन्यासिनी ललिताम्बा माता को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि संन्यासिनी ललिताम्बा माता का विशाल व्यक्तित्व सदैव से संत समाज को प्रेरणा देने वाला रहा है। हरिद्वार में शंकराचार्य चौक की स्थापना हो या फिर बद्रीनाथ स्थित श्री मानव कल्याण आश्रमों की व्यवस्था रही हो उन्होंने सदैव उदार मन से धर्म की सेवा की है। उन्हीं की परम्परा को वर्तमान में ललिताम्बा देवी ट्रस्ट व उनके पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से आगे बढ़ा रहे हैं।

आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरूद्ध भाटी ने संतजनों का स्वागत करते हुए कहा कि श्री मानव कल्याण आश्रम धर्म प्रचार, मानव सेवा और धार्मिक अनुष्ठानों का प्रारम्भ से ही केन्द्र बिन्दु रहा है। संन्यासिनी ललिताम्बा माता के समय से ही यहां संत सेवा, अतिथि सेवा और मानव सेवा के प्रकल्प चल रहे हैं। ब्रह्मलीन स्वामी कल्याणानन्द महाराज के समय में शंकराचार्य जयन्ती समारोह का शुभारम्भ यहीं से हुआ। गुरूजनों की परम्परा को श्री मानव कल्याण आश्रम व ललिताम्बा देवी ट्रस्टी संतजनों के आशीर्वाद से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर रविदेव शास्त्री, महंत योगेन्द्रानन्द शास्त्री, स्वामी कृष्णानन्द, स्वामी कमलानन्द, महंत श्याम प्रकाश, महंत रामानन्द पुरी, स्वामी हरिहरानन्द, स्वामी सुतीक्ष्ण मुनि, विनोद महाराज, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, पं.संतोष ध्यानी, ब्रह्मजीत, विनित गिरि, संजय वर्मा, दिनेश शर्मा, सुखेन्द्र तोमर, गोपी सैनी आदि सहित संतजनों ने ब्रह्मलीन संन्यासिनी ललिताम्बा माता को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# प्रयागराज कुंभ मेले के लिए रवाना हुई निरंजनी अखाड़े की जमात

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने किया जमात को रवाना

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** तपो निधि श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के रमता पंचों की जमात शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुई। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने जय गंगा मैया के उद्घोष के साथ रेलवे स्टेशन से जमात को प्रयागराज रवाना किया। ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा के रूप में अखाड़े से प्रयागराज रवाना होने से पूर्व जमात में शामिल संतो महतों ने मां गंगा और अखाड़े के इष्टदेव भगवान कार्तिकेय की पूजा अर्चना कर प्रयागराज कुंभ मेला सकुशल संपन्न होने की कामना की। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि समुद्र मंथन में निकले अमृत कलश से पृथ्वी पर चार स्थानों हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक और उज्जैन में अमृत की बूंदे गिरी थी। इन चारों स्थानों



पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन होता है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ मेला अखाड़ों का सबसे बड़ा पर्व है। सभी तेरह अखाड़े महाकुंभ में शामिल होते हैं। महाकुंभ में लगने वाले अखाड़ों के शिविरों से प्रसारित होने वाले संत महापुरूषों के उपदेशों से पूरी दुनिया को मार्गदर्शन मिलता है। सनातन धर्म संस्कृति का पूरे विश्व में प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ों के संत प्रयागराज महाकुंभ मेले में पहुंचने लगे हैं। सभी अखाड़ों के सहयोग से महाकुंभ मेला भव्य रूप से संपन्न होगा। उन्होंने सभी से प्रयागराज कुंभ मेला में गंगा स्नान करने, संतों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील भी की। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज ने बताया कि 30 दिसम्बर को प्रयागराज में संत महापुरूषों के सानिध्य में अखाड़े की धर्म ध्वजा स्थापित की जायेगी। 4 जनवरी 2025 को शोभायात्रा नगर भम्रण के लिए निकाली जायेगी और छावनी प्रवेश होगा। इस दौरान संत समाज अपने ज्ञान, तप द्वारा समाज को सार्थक संदेश देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर श्रीमहंत नरेश गिरी, श्रीमहंत शिव वन, स्वामी रविपुरी, स्वामी राजगिरी, स्वामी आलोक गिरी, दिगंबर नीलकंठ गिरी, दिगंबर राकेश गिरी, दिगंबर राधेश्याम पुरी, दिगंबर राजेंद्र भारती, दिगंबर रामसेवक सहित हजारों की संख्या में अखाड़े के संत महापुरूष प्रयागराज रवाना हुए।

# उत्तरकाशी में सुशासन सप्ताह मुस्टिकसौड़ में बहुद्देश्यीय शिविर से 525 लोग लाभान्वित

## सुशासन सप्ताहः उत्तरकाशी में 78 जन-शिकायतों में से 65 का मौके पर निस्तारण

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओरह्य अभियान के तहत जिले का पहला बहुद्देश्यीय शिविर मुस्टिकसौड़ में आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं से 525 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में जन-समस्याओं और शिकायतों के कुल 78 मामले प्रस्तुत किए गए जिनमें से 65 प्र-करणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रश-ासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले की पॉच न्याय पंचायतों में भी आज शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ उपलब्ध कराने के साथ ही जन-शिकायतों का निस्तारण किया गया। सुशासन सप्ताह के तहत भटवाड़ी विकास खंड के अंतर्गत रा.इ.का. मुस्टिकसौड के परिसर में आयोजित वृहद स्तर के बहुद्देश्यीय शिविर का बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने लाभ उठाया। इस मौके पर लोगों ने ग्राम्य विकास, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, उद्यान, वन, आपूर्ति आदि विभागों से संबंधित कुल 78 शिकायतों और समस्याओं को उठाया। जिनमें से संबंधित विभागों के स्तर से 65 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष 13 मामलों का यथाशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया। जन-शिकायतों पर मॉडल स्कूल मुस्टिकसौड में एक अतिरिक्त शिक्षक की तैनाती करने और क्षेत्र के गांवों में ट्रांसफारमरों एवं क्षतिग्रस्त खंबों को बदले जाने की मांग पर संबंधित विभागों ने तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बहुद्देश्यीय शिविर में ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के 41 लाभार्थियों को






रसोई सामग्री के लिए राज्य सरकार की तरफ से देय छः-छः हजार रुपए की राशि के चैक वितरित करने के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा 18 जाति प्रमाणपत्र निर्गत किए गए और पंचायतीराज विभाग द्वारा भी 38 लोगों को विभिन्न प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए। समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशनर सत्यापन, पेंशन व कल्याण योजनाओं के आवेदन के 64 प्रकरण तथा परित्यक्ता पेंशन के 19 आवेदन भी शिविर में निस्तारित किए गए। कृषि एवं उद्यान विभाग के द्वारा भी बीजों व रसायनों का वितरण करने के साथ ही पीएम किसान निधि हेतु 10 आवेदन पत्र भरवाए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 168 एव आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग द्वारा 10 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। शिविर में पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा 102 पशुपालकों को दवा एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्र, खंड विकास अधिकारी डॉ. अमित मंमगाई, सहायक निदेशक डेयरी पीयूष आर्य, मुख्य कृषि अधिकारी सचिन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षा रावत, रीप के परियोजना प्रबंधक कपिल उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जन-समस्याओं का निवारण किया। सुशासन सप्ताह के तहत आज जुणगा (डुंडा ब्लॉक), खालसी (चिन्यालीसौड़ ब्लॉक), ढुईक (नौगांव ब्लॉक), जखोली (मोरी ब्लॉक) और चंदेली (पुरोला ब्लॉक) में न्याय पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व क्षेत्रीय कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर जन-शिकायतों का निस्तारण किया और विभागीय सेवाओं की मौके पर ही उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

शनिवार 21 दिसंबर को साल्ड (भटवाड़ी ब्लॉक), बरसाली (डुंडा ब्लॉक), जिब्या (चिन्यालीसौड़ ब्लॉक), गडोली (नौगांव ब्लॉक), नैटवाड़ (मोरी ब्लॉक) और खड़क्यासेम (पुरोला ब्लॉक) में न्याय पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जबकि विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम में आंशिक फेरबदल करते हुए अब थाती धनारी (डुंडा ब्लॉक) में 22 दिसंबर को बहुद्देश्यीय शिविर आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा नेता कमल राजपूत ने दावेदारी की ठोकी ताल

## कमल राजपूत ने सैकड़ो युवाओं के साथ विधायक आदेश चौहान को सौंपा अपना आवेदन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम के चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही दावेदारों ने भी ताल ठोकनी शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 56 हनुमंतपुरम से भाजपा नेता कमल राजपूत ने अपने दावेदारी की ताल ठोकते हुए सैकड़ो युवाओं के साथ रानीपुर विधायक आदेश चौहान को अपना आवेदन पत्र सौंपा है। साथ ही उन्होंने वादा किया कि अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र के जगजीतपुर हनुमतपुरम वार्ड नंबर 56 के भाजपा नेता कमल राजपूत ने सैकड़ो युवाओं के साथ बहादराबाद स्थित आवास कार्यालय पर पहुंचकर विधायक आदेश चौहान को आवेदन पत्र दिया। आवेदन पत्र में कमल राजपूत ने अपनी पार्टी के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के बारे में बताया। उनका कहना था कि अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वे निश्चित रूप से जीत दर्ज करेंगे। भाजपा पार्टी को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। कमल राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी



पार्टी है जिसके राज में तमाम विकास कार्य देश प्रदेश और शहर में किया जा रहे हैं। आगामी नगर निगम के चुनाव में बीजेपी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि वह हनुमंतपुरम से पार्षद का चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अपना आवेदन पत्र रानीपुर विधायक आदेश चौहान को सौंप दिया है। पार्टी ने अगर उन्हें मौका दिया तो वह भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और वार्ड के विकास के लिए पुरजोर तरीके से काम करेंगे। राममोहन वालिया और चंदन सैनी ने कहा कि कमल राजपूत भाजपा के कर्मठ और ईमानदार नेता है। वह समय समय पर रामधन की समस्याओं को उठाते हुए उनका हल करने का काम करते हैं। पार्टी को उन्हें मौका देना चाहिए। कहा कि वह तन मन धन से उनके साथ है और उन्हें जिताने का काम करेंगे। कपिल वालिया और उमेश बर्मन ने कहा कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारी तन मन धन से लगे हुए हैं। निकाय चुनाव में भाजपा नेता कमल राजपूत को पार्टी की ओर से बाढ़ का चुनाव लड़ने के लिए मौका दिया जाना चाहिए क्योंकि वह एक मेहनती और ईमानदार नेता है। इस दौरान राममोहन वालिया, कपिल वालिया, चन्दन सैनी, सुनील पाल, अमित कबीर, विकास अग्रवाल, जितेंदर कुमार, अमरेश, जावेद नौसाद, संदीप धीमान, कपिल यादव, नंदू धीमान, हरितिक, निखिल वालिया, नितीश चौधरी, ऋषब राठी, सागर चौधरी, गोपाल, आर्यन, सलमानी, अमीर, शरुक, अंकित सैनी, संजय सैनी, अंकित बर्मन, अजित कटारिया, अंकित कटारिया, देवेश बर्मन, कार्तिक राजपूत, शेर सिंह, सागर, रवि कुमार, अंकित कुमार, जानू अग्रवाल, दीपक सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# मेयर पद के लिए युवा नेता वरुण बालियान की माताजी अमरेश देवी और धर्मपत्नी अंजू बालियान ने महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को आवेदन सौंपा



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार/** मेयर पद के लिए युवा नेता वरुण बालियान की माताजी अमरेश देवी और धर्मपत्नी अंजू बालियान ने महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को आवेदन सौंपा। इसके साथ ही निवर्तमान पार्षद इसरार सलमानी, हाजी शहाबुद्दीन ने अपनी धर्मपत्नी नीलोफर, सद्दीक गाड़ा ने अपनी धर्मपत्नी खुशीर्दा, बलराम कड़क, सन्नी मल्होत्रा, रुखसाना, विवेक भूषण ने पार्षद के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग और मुरली मनोहर ने कहा कि कांग्रेस में कई कार्यकर्ता मेयर का चुनाव लड़ने चाहते हैं और आवेदन भी आ रहे हैं। जिसको भी टिकट मिलेगा पूरी कांग्रेस उसके लिए कार्य करेगी। सभी एकजुट होकर चुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, शहर अध्यक्ष तुषार कपिल ने कहा कि कांग्रेस इस बार फिर से मेयर सीट पर जीत हासिल करेगी। जनता कांग्रेस के साथ है और बीजेपी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ वोट करेगी। इस अवसर पर डा. प्रतिमा, संतोष चौहान, अंजू मिश्रा, निवर्तमान पार्षद कैलाश भट्ट, राजीव भार्गव, इसरार सलमानी, हाजी शहाबुद्दीन, सद्दीक गाड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान, नितिन यादव, सन्नी मल्होत्रा, याज्ञिक वर्मा, नीतू बिष्ट, अश्विन कौशिक, तरुण व्यास, डा. सुशील, रचना शर्मा आदि उपस्थित थे।

# डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऋषिकेश के तत्वाधान में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** कृष्णा नगर स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में सीमा डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऋषिकेश के तत्वाधान में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुसुम चौधरी रहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानाचार्या आशा शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समय समय पर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण आवश्यक है और विद्यालय अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। सीमा डेंटल कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. कल्पना अग्रवाल ने बच्चों को दांतों की देखभाल से संबंधित टिप्स प्रदान किए और कहा कि स्वस्थ दंत रखने से संपूर्ण शरीर का विकास होता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ये जरूरी है। प्रधानाचार्या आशा शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि कुसुम चौधरी को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर अभिनंदन किया व प्रोफेसर डॉ. कल्पना अग्रवाल और उनकी टीम का स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अमित शर्मा ने प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों को अतिथियों के समक्ष रखा। इस अवसर पर अभिभावकों का भी दंत परीक्षण और चिकित्सा की गई। शिविर में 250 लोगों का दंत परीक्षण किया गया। विद्यालय प्रबंधक शक्ति वर्धन शास्त्री, प्रांतीय सदस्य भाजपा लक्ष्मण सिंह नागर, आचार्य बडोला, एडवोकेट राम निवास चौहान, गोविंद मिश्र, शिक्षिका शालिनी जेटली, प्रीति, ऋतु भागी, नीलम शर्मा, डिंपल कश्यप, प्रिया चौहान, अनु, तनु चौहान, समाज कल्याण मंत्री श्री गंगा सभा विकास प्रधान आदि उपस्थित थे।

# हरिद्वार पुलिस ने खोया अपना एक साथी, शोक की लहर

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

प्रातः थाना पथरी में तैनात कांस्टेबल रविन्द्र सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर हरिद्वार पुलिस गहरा शोक व्यक्त करती है। दुख की इस घड़ी में हरिद्वार पुलिस शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। साथी को खोने के इस भावुक पल में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल एवं हरिद्वार पुलिस शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर भगवान से प्रार्थना करती है कि इनकी पुण्य आत्मा को शांति दें एवं इस कठिन समय में परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें। स्वर्गीय आरक्षी रविन्द्र सिंह रावत मूल रूप से ग्राम बगासी, पट्टी- बिजलौर पोस्ट सल्ट धुमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल के निवासी हैं जो 2006 में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुए थे।

# विराट शौर्य जागरण यात्रा आगामी 22 दिसंबर रविवार को अपराह्न 2 बजे भारत सेवा संघ आश्रम, देवपुरा चौक, हरिद्वार में आयोजित

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। देश में सनातन संस्कृति पर हमलों, धर्मांतरण, लव जेहाद, जनसंख्या वृद्धि, पहाड़ों में भौगोलिक परिवर्तन सहित संभल की तात्कालिक घटनाओं सहित अन्य कई ज्वलंत घटनाओं पर विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड ने अपने युवा संगठन बजरंग दल के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्राएं शुरू करने का आह्वान किया हैं। उत्तराखण्ड राज्य के सभी जिला केंद्रों पर शौर्य जागरण यात्राएं आयोजित की जाएंगी, इसी क्रम में बजरंग दल उत्तराखण्ड के नेतृत्व में संपूर्ण हिन्दू समाज के सहयोग से विराट शौर्य जागरण यात्रा आगामी 22 दिसंबर रविवार को अपराह्न 2 बजे भारत सेवा संघ आश्रम, देवपुरा चौक, हरिद्वार में आयोजित की जाएगी।

बजरंग दल की विराट शौर्य जागरण यात्रा के आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड के प्रांत कार्यालय सेठ मुरलीमल धर्मशाला अपर रोड़ हरिद्वार में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बजरंग दल उत्तराखण्ड के प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने कहा कि हिंदू समाज के सोए हुए शौर्य, पराक्रम को जगाने और हिंदू समाज में संबल पैदा करने के लिए शौर्य जागरण यात्रा



निकाली जा रहीं हैं। देश में षड्यंत्रपूर्वक हिन्दुओं तथा हिंदू परिवार व्यवस्था पर प्रहार किया जा रहा है। पहाड़ों में जनसंख्या वृद्धि, खतरनाक भौगोलिक परिवर्तन, मजार जेहाद, लव जेहाद और धर्मांतरण जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, इन घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है कि हिन्दू समाज को संगठित होकर एक महाशक्ति बनना होगा। उत्तराखण्ड के युवाओं में उनके महापुरुषों के शौर्य और पराक्रम के भाव का जागरण करते हुए उनमें देश के लिए कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण की भावना का जागरण करेंगे। उत्तराखण्ड के जाग्रत युवाओं को उत्तराखण्ड के महान क्रांतिकारियों और वीरांगना नारियों आदि के योगदान से अवगत कराया जाएगा। युवाओं को उनके महापुरुषों के रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया जाएगा। अजय कुमार प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड ने कहा कि शौर्य जागरण यात्रा के माध्यम से हम उत्तराखण्ड का युवा सभी प्रकार के नशा से मुक्त हो, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी हो, छुआछूत जैसी कुप्रथा से हमारा समाज मुक्त हो और उत्तराखंडी युवा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो जैसे प्रमुख विषयों को समाज के समक्ष रखेंगे और इन्हीं विषयों पर आगामी समय में गंभीरता से कार्य करेंगे। सौरभ चौहान प्रांत बालोपासना प्रमुख बजरंग दल ने कहा कि हम शौर्य जागरण यात्रा में स्वदेशी, स्वभाषा, स्वभूषा के साथ नागरिक कर्तव्यों के पालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषय हिन्दू समाज के समक्ष मजबूती के साथ रखेंगे। बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख रोहित शास्त्री ने कहा कि देश और उत्तराखण्ड के वीर महापुरुषों एवं वीरांगना नारियों को नमन करते हुए शौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। उत्तराखण्ड में जो आसन्न चुनौतियां समाज के समक्ष उपस्थित हैं, बजरंग दल सेवा, सुरक्षा और संस्कार वाक्य को आत्मसात करते हुए इन विकराल चुनौतियों को स्वीकार करते हुए समाज के साथ मजबूती से अडिग खड़ा है। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा के आयोजन के निमित्त व्यवस्था बैठक में प्रमुख रुप से विभाग संगठन मंत्री अमित कुमार, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम कपूर, जिला मंत्री जीवेंद्र तोमर, नवीन तेश्वर प्रांत सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, जिला संयोजक बजरंग दल अमित मुल्तानिया, कार्तिक दिवाकर, हिमांशु सैनी, बबलेश चौहान, जयकरण उपाध्याय, अक्षय शर्मा, गोपाल भारद्वाज, प्रजीत कुमार, भूपेंद्र सैनी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरिद्वार पुलिस ने नशा मुक्त देवभूमि 2025 अभियान के तहत ग्राम गढ़ में लगाई चौपाल

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

नशे, साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को किया जागरूक नशे के आदी रहे व्यक्तियों की काउंसलिंग कर, नशा बेचने वालों के संबंध में सूचना देने की की अपील माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार के ह्लनशा मुक्त देवभूमि 2025ह्व अभियान को साकार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा गावों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.12.2024 को



कोतवाली रानीपुर पुलिस द्वारा ग्राम गढ़ में एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस द्वारा चौपाल में उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा तथा साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। नशा करने वाले व्यक्तियों विशेषकर युवाओं की काउंसलिंग कर उन्हें नशा मुक्त करने व नशा बेचने वाले व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम की सभी ग्रामीणों ने सराहना की व नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। देवपुरा चौक पर विरोधी प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार अमित शाह की बाबा साहेब को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी से बचने के लिए जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसे कांग्रेस जन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व विधायक रामयश सिंह और वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र के ध्वजवाहक है और उन पर झूठी एफआईआर दर्ज कराकर भाजपा लोकतंत्र को



कुचलने का काम कर रही है। युवा नेता वरुण बालियान और निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि राहुल गांधी लगातार अडानी के भ्रष्टाचार, मणिपुर हिंसा, बाबा साहेब के अपमान को लेकर मुखर हैं इसलिए भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र कर रहीं हैं और लोकतंत्र की आवाज को दबाना चाहती है। वरिष्ठ नेता मनोज सैनी और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर वापिस नहीं हुई तो कांग्रेस जन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष तुषार कपिल और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष याज्ञिक वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी बेरोजगार नौजवानों, शोषितों पीड़ितों, वंचितों की आवाज के लिए संघर्षरत है जिससे भाजपा बौखला गई है और उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करा रही है। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस महासचिव तरूण व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, बलराम गिरी कड़क, पवन शर्मा, नीतू बिष्ट, विकास गुप्ता, दीपिका लोहारे, मोहित चौधरी, अर्जुन कश्यप, तरूण शर्मा, करन सिंह राणा, दीपक गौनियाल, अमित अवस्थी, कोमल कौर, सन्नी मल्होत्रा, मुकुल जोशी, अशोक गुप्ता आदि शामिल थे।

# बालिका सुरक्षा को लेकर हरिद्वार पुलिस का अभियान जारी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



महिला संबंधी मामलों को गंभीरता पूर्वक लेने व महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एसएसपी हरिद्वार के निर्देशित क्रम में हरिद्वार पुलिस द्वारा स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्राओं को जागरूक कर उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में मंगलौर पुलिस द्वारा आज दिनांक 20.12.2024 को मंगलौर पुलिस द्वारा राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानक चौक मंगलौर थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार में समग्र शिक्षा उत्तराखंड के अंतर्गत बालिका सुरक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानक चौक मंगलौर एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर धाड़ेकी थाना मंगलौर की समस्त बालिकाएं एवं अध्यापिकाएं कार्यशाला में मौजूद रही। कार्यशाला में बालिका सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, नशे के विरुद्ध एवं साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 , पुलिस कंट्रोल रूम 112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं थाना प्रभारी व संबंधित हल्का प्रभारी, बीट कर्मचारी के नंबर दिए गए। कार्यशाला आयोजित करने पर स्कूल स्टाफ द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए फूल माला पहनाकर बैच अलंकरण किया गया।

# भगवानपुर मे पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने नेत्र जांच शिविर रक्तदान शिविर का आयोजन किया



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर। हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत जी के जन्मदिन पर पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने भगवानपुर रविदास मंदिर प्रांगण में नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें सभी समर्थको ने रक्तदान किया और बुजुर्ग और माता बहनों ने आंखों की जांच कराई। और सभी कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार और हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में उनको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर सुधीर अग्रवाल, नीरज कुमार, सुनील बंसल, चमन प्रधान, दीपक डेलना अनिल जिला पंचायत, नीरज कुमार, मांगेराम सभसाद, राजेश सैनी, अभिषेक, ऋषभ अग्रवाल, नीरज लंबा, भानु त्यागी,शमशाद अली, दीपक, मुनीर आलम, अल्तमस, विपिन कुमार, शुभम, भानु कौसल, रोहित, तनवीर आलम, परवेस कुमार, समीर, विदानंद, प्रदीप कुमार, सोहिन, संजय, हुकुम सिंह, मुकेश कुमार, हरीश कुमार, रोहित सैनी, प्रशांत, चंदन सैनी, खालिद खान, शिवांश अग्रवाल, डॉ श्रवण कुमार,अदनान मलिक, आदि उपस्थित रहे '

# गृहमंत्री के बयान पर भड़के बसपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद



सहारनपुर बसपा कार्यकताओं में संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर के सम्मान में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर करते हुए थाना प्रभारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

गंगोह रोड स्तिथ रविदास मंदिर में बसपा नेता जिला प्रभारी जगपाल सिंह,श्रीपाल सिंह राणा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कैराना,विशाल राणा प्रतिनिधि, प्रक्षित राणा,राहुल राणा,जिला प्रभारी नरेन्द्र ओलरी, विधानसभा अध्यक्ष सुन्दर लाल दाबसे, सेक्टर अध्यक्ष सुभाष,आदि द्वारा संयुक्त रूप से थाना नानौता प्रभारी सचिन पुनिया को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर के सम्मान की गई अभद्र टिप्पणी से अम्बेडकर साहब के अनुयायियों को बड़ा खेद हुआ है।जोकि माफी के लायक नहीं है।

# जनपद की सभी 318 ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टरों को होगा डिजिटलाईजेशन

## मंगलौर बायपास की डीपीआर शीघ्र की जाये तैयार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



**हरिद्वार,** जनपद प्रभारी, पर्यटन, लोनिवि, पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने सीसीआर सभागार पहुँचकर जनपद में चल रहे विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि हरिद्वार जनपद की सभी पंचायतों के परिवार रजिस्टर का डिजिटलाईजेशन किया जायेगा, जिससे जन सामान्य को त्वरित गति से ऑनलाइन परिवार रजिस्टर की नकल जारी की जा सकेगी।

उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, आश्रमों आदि के दर्शन एवं भ्रमण हेतु हरिद्वार कल्चर के नाम से बस सेवा संचालन की दिशा में कार्य करने, दिव्यांग श्रद्धालुओं के घाट तक पहुॅचने के लिए विशेष व्यवस्था करने, सर्वानन्द घाट पर स्नान हेतु स्थान चिन्हित करने, श्रद्धालुओ तथा एनआरआई आदि के बैठने, मल्टी लेंग्वेज हैड फोन, रैम्प, शू कवर आदि की व्यवस्था बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कृषि, उद्यान तथा भेषज विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जनपद में किसानों की आय में वृद्धि तथा रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराने के लिए परम्परागत कृषि की खेती के स्थान पर वर्टिकल फार्मिंग, हाईड्रोपोनिक्स, स्वायल तथा एक्वा फार्मिंग को बढ़ाया देने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में एवाकाडो, चन्दन, ड्रेगन फ्रूट तथा जड़ी बूटी उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिये। उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध रहें तथा समय समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा गौशालाओं का निरीक्षण किया जाये, कहीं पर भी गऊ लावारिश न रहे। जनपद में गौशाला निर्माण हेतु प्रीफैब्रीकेटेड स्ट्रक्चर निर्माण की दिशा में कार्य किया जाये तथा सभी गौशालाओं की मोनीटरिंग की जाये।

उन्होंने उरेडा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि बस स्टोप्स पर सोलर लाइट से मोबाइल चार्जिंग की संभावनाएं तलाशते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मंगलौर पायपास निर्माण हेतु सर्वेक्षण करते हुए शीघ्रता से डीपीआर तैयार की जाये। जिन सम्पर्क मार्गों की स्थिति खराब है, उन्हें ठीक किया जाये। उन्होंने जल संस्थान तथा जल निगम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि हरकी पौड़ी क्षेत्र में पानी की उपलब्धता निरन्तर बनी रहे ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल की समस्या न हो और इस कार्य हेतु सम्बन्धितों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जाये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी घरों तक पानी पहुॅचाने तथा खोदी गई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर सही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्धता, गुणवत्ता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ह्न सभी विभागों को निर्देश दिये गये कि अवशेष धनराशि को अतिशीघ्र व्यय कर जनपद के विकास कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाय।

बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, लव शर्मा, दिनेश सिंह पंवार, विक्रम भुल्लर आदि ने पेयजल विभाग द्वारा उपभोक्ता को पानी के अनाप-शनाप बिल भेजे जाने, विभिन्न सम्पर्क मार्ग खराब होने, मंगलौर बायपास सहित विभिन्न समस्याओं एवं विषयों पर जानकारी दी, जिस पर मंत्री जी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला योजना के अन्तर्गत जनपद को कुल 6735 लाख (सड़सठ करोड़ पैंतीस लाख) धनराशि आवंटित की गयी है जिसमें से अब तक 3785 लाख (सैंतीस करोड़ पिच्चासी लाख) व्यय हो चुका है। राज्य सैक्टर के अन्तर्गत 51834 लाख (पांच सौ अट्ठारह करोड़ चौंतीस लाख) रूपए राज्य सरकार द्वारा दिया गया। जिसमें से 32094 लाख (तीन सौ बीस करोड़ चौरानवे लाख रूपए) व्यय किए जा चुके हैं।

केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत जनपद को 26823 लाख (दो सौ अड़सठ करोड़ तेईस लाख) रूपए की धनराशि प्राप्त हुई है। जिसमें से 21892 लाख (दो सौ अट्ठारह करोड़ बयानवे लाख रुपए) व्यय कर लिये गये है। बाह्य साहयतित योजना के अन्तर्गत जनपद को 5753 लाख (सतावन करोड़ तिरेपन लाख रुपए) की धनराशि प्राप्त हुई है जिसमें से 30 करोड़ रुपए विभागों द्वारा खर्च कर लिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री जी द्वारा दिये गये निदेशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

इस दौरान डीएफओ वैभव सिंह,,ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की आशीष मिश्रा, सीएमओ डॉ.आरके सिंह मुख्य शिक्षा अधिकीर केके गुप्ता, पीडी केएन तिवारी, डीडीओ वेदप्रकाश, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा, यूपीसीएल ई.ई. दीपक सैनी, अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल,लव शर्मा, दिनेश सिंह पंवार, विक्रम भुल्लर आदि उपस्थित रहे।

# कुम्भ नगरी खेल नगरी के रूप में भी पहचानी जाएगी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## पूरा प्रदेश विकास की नई उंचाईयों को छू रहा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



हरिद्वार, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार में नव निर्मित आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 54 करोड़ 31 लाख रुपए की 239 योजनाओं को लोकार्पण एवं शिलांयास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा हमारी सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकास अनवरत रूप से चलते रहे, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा जिन परियोजना का आज लोकार्पण हुआ है, उनसे आने वाले समय में धर्मनगरी हरिद्वार में विकास की गंगा भी बहेगी। हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में बनाए गए लॉन टेनिस कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, बैडमिंटन कोर्ट, हरिद्वार के साथ पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण और मददगार साबित होगा। निश्चित रूप से यह हमारे खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में हर प्रकार से उनके विकास में सहयोग करेगा। सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स हमारे प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की दृष्टि से भी बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिथौरागढ़ में पिछले वर्ष 12 अक्टूबर को हमारे राज्य में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन का उद्घोष किया था, राष्ट्रीय खेलों की तैयारी जोरो शोरों से चल रही है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से पहले हमने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर खेल स्टेडियम, इनडोर आउटडोर स्टेडियम का पुनर्निर्माण कार्य किया है। उन्होंने कहा हरिद्वार में भी राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया जाएगा। जिससे कुंभ नगरी हरिद्वार को खेल नगरी के रूप में नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा की तेजी से तैयारी कर रही है। शीतकाल यात्रा शुरू होने से क्षेत्र में पूरे साल यात्रा अनवरत चलेगी। जिसका मुख्य आधार हरिद्वार होगा। जिससे रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे, हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। हरिद्वार में भी अनेकों विकास कार्य गतिमान है। हरिद्वार के अंदर निर्मित हो रहे मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लालढांग क्षेत्र में मॉडर्न डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम श्यामपुर में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है। धर्मनगरी हरिद्वार को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए राज्य सरकार हरिद्वार और ऋषिकेश में कॉरिडोर का कार्य कर रहे है। हरिद्वार में हैली सेवाओं के लिए हैलीपैड का निर्माण करने के साथ ही नगर की जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर की पैड़ी से मॉ चंडीदेवी तक रोपवे के निर्माण को हरी झंडी दी गई है। जिसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो जायेगा। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से शंकराचार्य फ्लाईओवर के नीचे गेम जोन बनाकर खिलाड़ियों को वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, क्रिकेट सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ दूधाधारी फ्लाई ओवर के नीचे बड़े स्तर पर पार्किंग, कमर्शियल एवं पार्क सहित विकास कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कावड़ पटरी मार्ग को स्थाई रूप से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, पलायन को जड़ से समाप्त करने और राज्य के अंदर निवेश लाने, उद्योग स्थापित करने और स्वरोजगार को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन, मधु उत्पादन कृषि, बागवानी, सुगंधित फूलों की खेती और होम स्टे निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में पारदर्शिता के साथ 19000 से भी ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरियां प्राप्त हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में किसी भी होनहार छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। राज्य सरकार प्रदेश में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू करने वाली है। जिसके लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

इस अवसर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, विधायक मदन कौशिक ,प्रदीप बत्रा,पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, कुंवर प्रताप सिंह चौंपियन, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, देशराज कर्नवाल, पूर्व शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, पूर्व राज्यमंत्री सुशील चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम भुल्लर, जिला महामंत्री ,आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, विकास तिवारी ,ओपी जमदग्नि, नागेंद्र राणा, हीरा सिंह बिष्ट ,विशाल गर्ग,मोहित वर्मा ,सुनील सैनी, जयराम आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, गुरुकुल कुलपति हेमलता के, गुरुकुल कुलसचिव सुनील कुमार, जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल, एचआरडीए सचिव उत्तम सिंह चौहान, एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ,नगर आयुक्त गौरव चौधरी, एसपी सिटी पंकज गैरोला, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ आरके सिंह, डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार सिंह, एसडीएम जितेंद्र कुमार, नगर आयुक्त रुड़की राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार प्रियंका रानी सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मंगलौर के मुंडेट गांव में राशन डीलर को मिली राहत, हैल्पर की छुट्टी,पूर्ति निरीक्षक दिनेश सिंह ने शिकायत पर की त्वरित कार्रवाई



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

मंगलौर के मुंडेट गांव में राशन डीलर के हैल्पर की शि-ाकायत को खाद्य पूर्ति विभाग ने गंभीरता से लिया है। बृहस्पतिवार की शाम को गांव में पहुंचे खाद्य पूर्ति निरीक्षक दिनेश शर्मा ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना जिसका उन्होंने मौके पर ही निस्तारण कर दिया।हालांकि खाद्य पूर्ति निरीक्षक दिनेश शर्मा द्वारा सभी शिकायत कताओं के इस दौरान बयान भी दर्ज किए गए हैं।राशन डीलर को ग्रामीणों के सामने सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे हैल्पर को किसी भी सूरत में ना रखा जाए जो ग्रामीणों के साथ अभद्रता करता हो।

गौरतलब है कि मुंडेट गांव निवासी शिव कुमार और कुछ अन्य ग्रामीणों द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा को शिकायत की गई थी कि गांव में राशन वितरण के दौरान राशन डीलर के हैल्पर द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई है जिसके चलते विरोध करने पर हेल्पर मारपीट पर उतारू हो गया मौके पर कुछ लोगों द्वारा किसी तरह से हंगामा शांत कराया गया था।शिकायत में कहा गया था कि राशन डीलर राशन वितरण एक खास स्थान पर करते हैं जबकि उन्हें स-ार्वजनिक स्थान पर राशन वितरण करना चाहिए।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा खाद्य पूर्ति विभाग को जांच के आदेश दिए गए थे।मौके पर पहुंचे खाद्य पूर्ति निरीक्षक दिनेश शर्मा ने ग्रामीणों और राशन डीलर को मौके पर बुला लिया जहां उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना ।इसके बाद राशन डीलर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अब कभी भी वह ऐसे व्यक्ति को हेल्पर नहीं रखेंगे जो ग्रामीणों से अभद्रता करता हो। हालांकि इस दौरान दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान ले लिए गए हैं ग्रामीणों की जो शिकायत थी उसे दूर कर दिया गया है अब उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।इस मौके पर मुंडेट गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## थाना गंगनहर पुलिस ने लाखों की कोकीन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**रूड़की।** एसएसपी के अनुशासन भरे नेतृत्व में नशा तस्करों पर चौतरफा प्रहार कर रही हरिद्वार पुलिस जहां लगभग 3 ग्राम कोकीन के साथ मोहम्मद कैफ को किया क्लीन बोल्ड बता दें नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए कड़े दिशा निदेशों पर मुस्तैदी से काम करते हुए हरिद्वार पुलिस को लगातार सफलता हाथ लग रही है। इसी क्रम में गंगनहर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग तेलीवाला अंडरपास के पास से अभियुक्त मोहम्मद कैफ निवासी ग्राम छागा माजरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को 02.95 ग्राम कोकीन के साथ दबोचा गया। जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली गंगनहर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम में उप निरीक्षक बलवंत सिंह , ब्रिज किशोर , नितिन शामिल रहे।

## भगवानपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 से शगुन पंडित लड़ेगी चुनाव, वरिष्ठ पत्रकार कुक्कू पंडित की बेटी है शगुन

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर । वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार शर्मा उर्फ कुक्कू पंडित की बेटी शगुन पंडित ने वार्ड नंबर 9 से सभासद का चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी लगातार गरीबों का कार्य करते रहते है। उनका लाभ उनको चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान कराना पहली प्राथमिकता है। वार्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य व संस्कृति का विकास करना उनकी प्राथमिकताओं में मे से एक है। वार्ड में हर महापुरुषों व महान व्यक्तित्व का जन्मदिन तथा महाप्रयाण दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर वह वार्ड वासियों को जागरूक करेंगे। शिक्षा व स्वास्थ्य हर किसी के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 को जनता के सहयोग से आर्दश वार्ड बनाने का किया जाएगा।

# सरकारी प्रोजेक्ट के तार व केबल चुराने वाली महिला गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून राजपुर रोड में सड़क किनारे पड़ी सरकारी प्रोजेक्ट की डेढ़ लाख रुपये की तार व केबल को चुराने वाली एक महिला अभियुक्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

राजपुर रोड में चल रहे सरकारी प्रोजेक्ट को पूरा कर रही एडीबी प्रोजेक्ट के इंजीनियर अनूप कुमार तिवारी द्वारा कल गुरुवार को थाना राजपुर में राजपुर रोड में सड़क किनारे रखे उनके प्रोजेक्ट के लाखों रुपए के सरकारी तार व केबल चुराने की शिकायत दर्ज करवाई। लाखो के तार,केबल चोरी के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली व सीसीटीवी से प्राप्त संदिग्धों के हुलिये के सम्बन्ध में मुखबिरी जानकारी एकत्रित की व पूर्व में इस प्रकार की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की वर्तमान स्थिति की जानकारी की गयी व लगभग 60 से अधिक कबाडियों से भी संदिग्धता के आधार पर पूछताछ की गयी। जांच कर क्रम में आज शुक्रवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर काठ बगला पुल के पास से एक अभियुक्ता लक्ष्मी(28) पत्नी सुरेंद्र निवासी काठ बंगला बस्ती थाना राजपुर देहरादून को उक्त चोरी किए गए लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य के वायर 4 सी-120 स्कुवेर व केबल 120 आईटी केबल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## बीजेपी पर निशाना साधते हुए फरहाद आलम गाड़ा ने कहा, बीजेपी के लोग पिछड़ों और दलितों से नफरत करते हैं

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



नकुड़ः फरहाद आलम नकुड़ विधनसभा के गांव जगयता नजीब , में समाजवादी पार्टी के कल के होने वाले प्रोग्राम को कामयाब करने के लिये मीटिंग में बोलते हुए आगे कहा कि बाबा साहब का योगदान समाज के वंचित वर्ग को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक है। ह्वजो लोग बाबा साहब का सम्मान नहीं करते, वे दलितों और पिछड़ों के अधिकारों का हनन करते हैं,ह्व फरहाद ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी वर्गों से सपा को समर्थन देने की अपील की. बीजेपी की विचारधारा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे समाज को बांटने वाली पार्टी बताया। फरहाद आलम गाड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी का लक्ष्य सभी वर्गों को एकजुट करना और समानता की दिशा में काम करना है। कल समाजवादी पार्टी के सभी नेता जिला अधिकारी की ज्ञापन दे कर अपना विरोध दर्ज करेंगे ।

# पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप



**लक्सर,उत्तराखंड,** लक्सर पुलिस के द्वारा पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एमएसपी हरिद्वार के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था, जिसमें पुलिस टीम गटित की गई, गठीत पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी करते हु , एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, उससे 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई हैं, पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम सुनील पुत्र शेर सिंह, निवासी वार्ड नंबर एक, थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया, उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रणजीत नौटियाल, कांस्टेबल दिगंबर, होमगार्ड गौरव, शामिल रहे, पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पकड़े गए व्यक्ति को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पिरान कलियर मेन बाजार फवारा चौक बना दो पहिया वाहन स्टैंड लापरवाही से खड़े वाहन चोरों को दे रहे हैं चोरी का न्योता?



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

कलियर। एक धार्मिक स्थल है इसीलिए यहां देश भर से लोग आते हैं वहीं आसपास क्षेत्र से जो लोग यहां पर जियारत करने दो पहिया वाहनों से आते हैं । तो वह कहीं भी लापरवाही से अपने वाहनों को खड़ा कर बाजार में मौज मस्ती करते घूमते हैं । उसके बाद अगर किसी की बाइक चोरी हो जाए तो पुलिस के सर का दर्द बन जाता है। लेकिन यह लोग अपनी लापरवाही को भूल जाते हैं। यही देखने को मिला आज कलियर मेन बाजार फवारा चौक पर जहां पर लापरवाही से खड़े वाहनों का जमावड़ा लगा हुआ है। देखने में लगता है कि फवारा चौक नहीं दो पहिया वाहन स्टैंड बन गया हो। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले भी कई बार इसी तरह से पिरान कलियर में लापरवाही से खड़े दो पहिया वाहनों पर चोरों ने कई बार हाथ साफ किया हुआ है। वही आसपास के लोगों का यह भी कहना है कि इस तरह से लापरवाही से खड़े वाहनों से किसी भी घटना को अंजाम दिया जा सकता है अब इस मामले को लेकर कितनी गंभीरता दिखाई जाती है यह देखने वाली बात होगी।

## लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया



मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

**लक्सर,उत्तराखंड,** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए, सभी कोतवाली प्रभारीयो को निर्देशित किया गया था, जिसमें अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर चेकिंग किए जाने के निर्देश दिए गए थे, चेकिंग के दौरान 20 दिसंबर 2024 को संदिग्ध घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ, पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम रीनू पुत्र समय सिंह, निवासी ग्राम डोशनी, थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया, उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कैलाश चंद्र सेमवाल, कांस्टेबल संदीप रावत, सौदीश कुमार, शामिल रहे, पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पकड़े गए व्यक्ति को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## रोड पर परिवहन एवं परिवर्तन अधिकारियों के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

**लक्सर,उत्तराखंड,** लक्सर लंढौरा रोड पर परिवहन एवं परिवर्तन अधिकारियों के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया है, जिसमें अवैध रूप से वाहन चलाने वालों में खलबली मच गई है, लक्सर रुड़की परिवहन उप निरीक्षक रमेश पंत ने बताया कि, परिवहन अधिकारी प्रशासन एवं परिवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम के द्वारा लंढौरा लक्सर मार्ग पर रूटिंग चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि, लोगों की सुविधा को देखते हुए यह चेकिंग की जा रही है, उन्होंने यह भी कहा कि जो बगैर हेलमेट के बगैर नंबर प्लेट एवं बगैर कागजों के गाड़ी चलाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उन्होंने यह भी कहा कि हमारा मकसद लोगों को सेफ्टी देना है,

## सराहनीय रहा दैनिक अखबार के प्रभारी अनूप सिंह का कार्यकाल

### मध्य हरिद्वार स्थित होटल में ट्रांसफर होने पर वरिष्ठ पत्रकार को दी विदाई



**हरिद्वार।** दैनिक अखबार हरिद्वार के प्रभारी रहे अनूप सिंह का ट्रांसफर दिल्ली होने के बाद शुक्रवार को हरिद्वार में उन्हें विदाई दी गई। सोशल मीडिया के व्हाट्सएप वीआईपी ग्रुप के सदस्य और पत्रकारों ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। शुक्रवार को रानीपुर मोड़ स्थित एक होटल में एक दैनिक अखबार के प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह को फूल माला पहनकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी नदीम अहमद ने कहा कि अनूप सिंह का हरिद्वार का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने हरिद्वार के मुद्दों को समय-समय पर अपनी कलम के माध्यम से उठाया और उनका समाधान कराने का काम किया। वीआईपी ग्रुप के एडमिन पत्रकार अरुण कश्यप ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। उन्होंने हमेशा हरिद्वार की जन समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाया है। उनका कार्यकाल बेहतर रहा और उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। युवा पत्रकार गौरव कुमार ने कहा कि हरिद्वार के बाद अब दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह बेहतरीन तरीके से कार्य करते हुए सामाजिक सरोकारों से हमेशा जुड़े रहेंगे। वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह ने वीआईपी ग्रुप के सदस्यों और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धीरेन्द्र चौहान, मति शशि शर्मा, कुंवर नरेंद्र नेगी, विक्रांत वशिष्ठ, अनिल अरोड़ा, दीपक राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# टॉप क्वालिटी सीएम हैं धामी



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून वर्तमान समय में भारत के अधिकतम राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन एनडीए की सरकारें हैं। माना जाता है कि इन भाजपानीत शासित राज्यों में डबल इंजन की सरकारें काफी अच्छा काम कर रही हैं। बात कानून व्यवस्था की हो या विकास की, ये राज्यों औरों की तुलना में उन्नीस ही साबित हो रहे हैं। भाजपा या एनडीए शासित इन राज्यों में से कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जिनके मुखियाओं की लोकप्रियता पिछले कुछ समय में तेजी के साथ बढ़ी है। इन मुखियाओं में अधिकतर ऐसे हैं, जिनकों अपने राज्यों में शासन करने का भले ही लंबा चौड़ा अनुभव न हो लेकिन अपने अल्प समय के कार्यकाल में जो प्रसिद्धी इन्होंने हासिल की है, उसका मुरीद आज कल भारत का नेशनल मीडिया भी हो गया। महाराष्ट्र-झारखंड के विधानसभा चुनाव के इस दौर में अधिकतर न्यूज चस्नल सुबह शाम इन राज्यों से जुड़ी खबरें ही प्रसारित करने में लगे हुए हैं। इसी दौरान देश के प्रख्यात न्यूज चस्नल में चल रही चर्चा के मध्य एक सवाल उठा कि ऐसे कौन-कौन से मुख्यमंत्री हैं, जिनका अपने राज्य की जनता से सीधा संवाद है और वे निरंतर अपनी जनता से उनकी समस्याओं को लेकर रूबरू होते हैं तथा उसका निस्तारण करने को अपनी पहली प्राथमिकता देते हैं? इस सवाल के जवाब में देश के एक मशहूर और कालजयी पत्रकार ने तपाक से उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा शासित इस राज्य के मुखिया का अपनी जनता से सदैव ही सीधा संवाद रहता है। उन्होंने यहां तक भी इशारा किया कि जनता से सीधे संवाद की परंपरा को उत्तराखण्ड के बाद भाजपा और एनडीए शासित राज्यों ने भी अपनाया है। इस चर्चा से यह बात सामने आई कि उत्तराखण्ड को पुष्कर के रूप में एक टॉप क्वालिटी (उच्च गुणवत्ता) वाला मुखिया मिला है और पुष्कर की इसी गुणवत्ता का ही प्रभाव है कि आज भारत का नेशनल मीडिया भी उनकी कार्यशैली का मुरीद हो चला है तथा उनकी लोकप्रियता के कसीदे भी पढ़ रहा है। जब आप किसी दूसरे राज्य में जाते हैं, और उस राज्य के लोग आपसे यह सवाल करते हैं कि आप किस राज्य से आए हो? जिसके जवाब में आप उनसे कहते हैं कि हम उत्तराखण्ड से आएं हैं, तो दूसरे राज्य का व्यक्ति आपके राज्य की उपलब्धियों को आपके सामने ही प्रस्तुत करने लग जाए। इस एहसास खूबसूरती का अंदाजा लगाना भी आसान नहीं होता। मौजूदा समय समूचे भारत में उत्तराखण्ड की एक ऐसी छवि बन चुकी है, जो यह बताता है कि यह पहाड़ी राज्य किस तेजी के साथ विकास के पथ पर दौड़ रहा है। 24 वर्ष पुराने राज्य उत्तराखण्ड ने भले ही अपने शुरूआत के दो दशकों में काफी उतार चढ़ाव देखें हों लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि जब से राज्य की कमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों में आई है, तब से उत्तराखण्ड के स्वरूप में अप्रत्याशित बदलाव देखे को मिला है और जोकि प्रदेश और प्रदेशवासियों के लिए काफी साकारात्मक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में अनेकों ऐसी योजनाएं और परियोजनाएं शुरू हुई हैं, जो विकास के पथ पर मील का पत्थर साबित हो रही है। उत्तराखण्ड की जनता से सीएम पुष्कर का जुड़ाव किसी से छिपा नहीं है। अपने प्रदेश की जनता से मिलने के लिए उन्हें किसी लाव लश्कर की जरूरत नहीं पड़ती अपितु वह तो कभी मॉर्निंग वॉक करते-करते किसी दुकान पर आवाम से चाय पर चर्चा करते हुए मिल जाते है या फिर किसी भी समारोह में एक आम जनमानस की तरह लोगों से रूबरू होते हुए वहीं नन्हें मुन्नें बच्चों के साथ अठखेलियों करते हुए भी दिखाई दे ही जाते हैं। प्रदेश के अंदर राजनीति, विकास और जनकल्याण के मध्य जिस प्रकार से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक व्यवस्थित समन्वयय स्थापित किया है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तराखण्ड पूरे में अपनी एक अलग पहचान बनाता हुआ नजर आ रहा है। गौरव की अनुभूति तो प्रदेशवासियों को उस समय होती है जब उनके राज्य की उपलब्धियों का गुणगान भारत की नेशनल मीडिया के दिग्गज पत्रकार करते हैं और उदाहरण के रूप में प्रदेश के मुखिया की खूबियों को देश और दुनिया के सामने रखते हैं। यहीं वजह है कि अब लोग पुष्कर सिंह धामी को को ह्यटॉप क्वालिटी सीएमइ की संज्ञा देने से भी नहीं चूक रहे, जिन्हे लोकप्रियता के ग्राफ में अब पूरे देश के अंदर हाई रैंकिंग प्राप्त हो रही है।

## गोखार्ली महिला कल्याण समिति द्वारा 25 दिसम्बर को किया जाएगा वनभोज का आयोजन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** गोखार्ली महिला कल्याण समिति द्वारा 25 दिसम्बर को बैरागी केम्प मे धूमधाम के साथ बनभोज कर्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चारु सहगल व विशिष्ट अतिथि वर्षा बिष्ट मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में नेपाली मूल के भारतीय नागरिक अपनी संस्कृति, नृत्य, वेशभूषा, व्यजन का लुप्त उठाएंगे। गोखार्ली महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पदमा पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नेपाली परम्परा के अनुसार बनभोज परस्पर एकता व सामाजिक मेलजोल बढ़ाने का कार्यक्रम है। कार्यक्रम में सभी लोग मिलजुल कर नेपाली संस्कृति के अनुरूप नृत्य संगीत आदि का आयोजन करते हैं। इस दौरान सहभोज का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें पारंपरिक नेपाली व्यंजन परोसे जाते हैं। संरक्षक पदम प्रसाद सवेदी, कमला सुवेदी एवं वंदना सुवेदी ने 25 दिसम्बर को बैरागी कैम्प मे आयोजित किए जा रहे बनभोज मे ऋषिकेश, हरिद्वार, रूड़की, छिद्दरवाला, देहरादून, गाजीवाला आदि के सैकड़ों नेपाली परिवार शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का अवसर मिलता है। महामंत्री शारदा सुबेदी व कोषध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि वनभोज की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सर्दियों के मौसम मे महिला, बच्चे, पुरुष अपने अपने घर से सामग्री, लकड़ी, मसाले इत्यादि सामान ले जाकर जंगलो मे खाना बनाकर हरे दोने पत्तल मे जमीन पर बैठकर बनभोज का आनंद लेते थे और गीत, संगीत और नृत्य का आयोजन करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गौखार्ली महिला कल्याण समिति द्वारा वनभोज का आयोजन किया जाता है।

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर सीएम पुष्कर धामी ने जताया दुख



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर सीएम पुष्कर धामी ने जताया दुख

**देहरादून।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और राजनीति में उनकी अहम भूमिका थी।

उनके निधन से पूरे देश में शोक व्याप्त है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ह्यहरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री, इनेलो प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों, समर्थकों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि !

## दून में आयकर की छापेमारी में बुलियन, कैश और आभूषण के साथ करोड़ों की संपत्ति के मिले दस्तावेज

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून।** कांग्रेसी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी राजीव जैन और बिल्डर मानस लुंबा के ठिकानों पर मंगलवार सुबह शुरू की गई आयकर की छापेमारी शुक्रवार दोपहर बाद तक संपन्न हो गई। देहरादून, मेरठ और दिल्ली के 20 ठिकानों पर एक साथ की गई कार्रवाई में आयकर अधिकारियों ने बड़ी तादाद में नकदी, आभूषण और बुलियन जब्त करने के साथ ही कई बैंक लाकर सील किए। इसके अलावा करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए।दून में ही आयकर विभाग दिल्ली की कार्रवाई राजीव जैन के माजरा क्षेत्र के रोचिपुरा स्थित आवास इसी क्षेत्र में उनकी बहन, भाई आदि स्वजनों के आवास के साथ ही जैन के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर की गई। इसी तरह बिल्डर मानस लुंबा के डालनवाला क्षेत्र स्थित घर और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी खंगाला गया। आयकर सूत्रों के मुताबिक राजीव जैन की छत से जो बैग पड़ोसी की छत पर फेंका गया था, उसमें कैश भरा था। पूर्व में इसमें एक करोड़ रुपये के आसपास नकदी की बरामदगी की जानकारी बाहर आई थी और अब स्पष्ट किया गया है कि यह रकम 70 लाख रुपये के करीब थी।

इसके अलावा राजीव जैन के ठिकानों से एक करोड़ रुपये के आसपास के आभूषण जब्त किए गए हैं। मानस लुंबा के ठिकानों से लाखों रुपये के बुलियन (सोने-चांदी की सिल्लीयां व सिक्के आदि) पाए गए हैं। आयकर सूत्रों ने बताया कि राजीव जैन और उनके स्वजनों से करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज हाथ लगे हैं।

## उत्तरकाशी में शीतकालीन यात्रा व्यवस्था के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, मुख्य विकास अधिकारी सुंदर लाल सेमवाल ने शीतकालीन यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभागों को शीतकालीन यात्रा पर आने वाले यात्रियों, पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने सीमा सड़क संगठन, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, एनएचआईडीसीएल तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा है कि कि जिले के अंतर्गत हिमपात के दौरान बंद होने वाली सड़कों को तुरंत खोलने और पाला प्रभावित क्षेत्र में सड़कों पर नमक व चूना डालकर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पाला ग्रसित क्षेत्र और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं और सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं और सेवाओं पर नजर रखने और हिमपात के दौरान बाधित होने वाली सड़कों को तत्काल सुचारू करना तथा इन स्थानों पर तैनात कर्मचारियों और तैनात मशीनरी की सूची तत्काल उपलब्ध कराए जाने को कहा है। शीतकालीन यात्रा के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग, पेयजल आपूर्ति,संचार विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, सुलभ शौचालय,सहित संबंधित विभागों को निरंतर सेवा सुचारू रखने के लिए निर्देशित किया है। ओर यात्रा मार्गो पर शौचालय की व्यवस्था व निरंतर सफाई भी सुनिश्चित कराने को कहा है।

# उत्तरकाशी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सक्सेज स्टोरी और बेस्ट प्रैक्टिस प्रस्तुत करने के निर्देश

## उत्तरकाशी में मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



**उत्तरकाशी,** मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने उद्यान, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, एनआरएलएम आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की सक्सेज स्टोरी (उपलब्धियां), बेस्ट प्रैक्टिस (सफलता की कहानियां) और विजन 2047 के तहत जनपद को नए आयामों में परिवर्तित करने के लिए प्रभावी भूमिका निभाएं। मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे अपने विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग के एप्पल मिशन और कीवी उत्पादन के साथ-साथ उरेडा के सोलर प्लांट्स से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जिनका व्यापक प्रचार आवश्यक है। इसके अलावा, यात्रा मार्गों में बैंकिंग सुविधाओं और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर काम करें और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में परियोजना निदेशक अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी यशोदा बिष्ट, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, और मुख्य कृषि अधिकारी सचिन कुमार शामिल थे। सभी अधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी के निदेशों का पालन करने का आश्वासन दिया और जनपद के विकास में अपना योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

## एसपी पिथौरागढ़ ने अपराध गोष्ठी व मासिक सम्मेलन का किया आयोजन



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

पिथौरागढ़ शुक्रवार को पुलिस कप्तान रेखा यादव ने पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी और मासिक सम्मेलन का आयोजन किया।

उक्त गोष्ठी में जनपद के सभी थाना चौकी और शाखा प्रभारियों ने भाग लिया,उक्त गोष्ठी के मुख्य विषय व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं का समाधान,कानून व्यवस्था पर सख्ती,कार्यों की समीक्षा,मजदूरों का सत्यापन,सड़क सुरक्षा, लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा,वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी,ड्रग फ्री देवभूमि मिशन,अधीकारी व कर्मचारियों का फिटनैस और महिला चीता रहे।

इस दौरान पुलिस कप्तान ने माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनसे आगे भी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा की।


उक्त गोष में उ0नि0 पुलिस दूरसंचार मनोज डसीला, उ0नि0 आशीष रावत, उ0नि0 मो0 हासिम, उ0नि0 कमलेश चन्द्र जोशी, उ0नि0 मनोज जलाल, अ0उ0नि0 मो0 कासिम सिदिकी, हे0का0 जरनैल सिंह, हे0का0 चन्द्र किशोर, हे0का0 मोहन सिंह, का0 आकाश आर्या, का0 नरेंद्र मेहता, हे0का0 भापू प्रताप सिंह, का0 दीपक कुमार, हे0का0 अभिराज सिंह, हे0का0 नरेंद्र राणा, फायर मैन नरेंद्र गिरी, हे0का0 मनोज भट्ट, का0 श्रवण कुमार, हे0का0 अनिल मर्तोलिया, म0का0 नीमा, हे0का0 जयराज सिंह, म0का0 जीना कोरंगा, कानि0 हरी राम, हे0का0 होशियार सिंह, हे0का0 मदन मोहन, का0नरेश सिंह बोहरा, हे0का0 पूरन सिंह, हे0का0 आन सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़,परवेज अली, प्रतिसार निरीक्षक नरेश चन्द्र जखमोला समेत जनपद के सभी थाना और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन के युद्ध खत्म करने पुतिन करेंगे डोनाल्ड ट्रंप से बात?

**पुतिन ने कहा-केवल स्थायी शांति समझौता ही स्वीकार्य किया जाएगा**



**मास्को**


रूस और यूक्रेन के युद्ध को करीब तीन साल होने वाले हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन को लेकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं और इस वार्ता को शुरू करने के लिए यूक्रेन के साथ किसी भी शर्त की जरूरत नहीं है। पुतिन ने अपने वार्षिक प्रश्नोत्तर सत्र में एक अमेरिकी रिपोर्टर से कहा कि वह ट्रंप से मिलने को तैयार हैं। हालांकि उन्होंने कई सालों से उनसे बात नहीं की है।

पुतिन ने यह दावा खारिज कर दिया कि रूस कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि 2022 में यूक्रेन में रूसी सेना भेजने के बाद मॉस्को मजबूत हुआ है। पुतिन ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हम बातचीत और समझौतों के लिए तैयार हैं। रूसी सेना अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ रही है। पुतिन ने यूक्रेन के साथ अस्थायी युद्धविराम के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि केवल स्थायी शांति समझौता ही स्वीकार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बातचीत की शुरूआत उस प्रारंभिक समझौते से होनी चाहिए, जो युद्ध के शुरूआती हफ्तों में तुर्की में रूसी और यूक्रेनी वातार्कारों के बीच हुआ था, लेकिन लागू नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि जल्द ही मेरी राय में यूक्रेन में लड़ने वाले खत्म हो जाएंगे। हम तैयार हैं, लेकिन दूसरी तरफ को भी वार्ता और समझौतों के लिए तैयार होना चाहिए। ट्रंप समझौता कराने में माहिर माने जाते हैं। अपने चुनावी अभियान में वह बार-बार युद्ध खत्म करने का वादा करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह इसे कैसे करेंगे। पिछले महीने रॉयटर्स ने रिपोर्ट की थी कि पुतिन ट्रंप के साथ यूक्रेन युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने बड़े क्षेत्रीय समझौते करने से इनकार किया और कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने का ख्वाब छोड़ना होगा।

उत्तर कोरिया की सेना से मदद लेने पर पुतिन ने कहा कि यूक्रेनी सेना कुर्स्क क्षेत्र में बनी हुई है, लेकिन धीरे-धीरे उसने रूसी सेना को अपनी जमीन दे दी है। यूक्रेन का दावा है कि उसने उत्तर कोरिया के तमाम सैनिकों को मार गिराया है। इस पर पुतिन ने कहा, मैं समझता हूं उनके साथ बुरा हो रहा है। उनके लोग काफी कठिनाई में जी रहे है। लेकिन निश्चिंत रहें, हम हर संभव प्रयास करेंगे। हम सब कुछ बहाल कर देंगे। रूसी जनरल इगोर किरिलोव की हत्या पर पुतिन ने सीधे धमकी दी कहा, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

### आखिरकार पोक्रोवस्क शहर पर क्यों कब्जा करना चाहती हैं पुतिन की सेना



**मास्को**

तीन साल पहले फरवरी में रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुई जंग अभी जारी है। बीच-बीच में लड़ाई धीमी पड़ती है, लेकिन हाल में रूस के अटैक में काफी तेजी आई। उसकी सेना के निशाने पर पोक्रोवस्क शहर है। इस शहर सहित एक पूरा क्षेत्र लंबे समय से रूसी सेना की प्राथमिकता रहा, जिससे यूक्रेन पर उनकी पकड़ मजबूत हो सके।

पोक्रोवस्क शहर की स्थिति सामरिक तौर पर काफी अहम बना देती है। ये इलाका रसद की आपूर्ति के लिए सेंटर पॉइंट का काम करता है। इसके बाद अगर ये शहर रूसी आर्मी के कब्जे में आ गया, तब एक बड़ा किला फतह होगा। लेकिन इसपर काबू पाने की कोशिश के पीछे एक बड़ा कारण और भी है। इस शहर और आसपास के बड़े इलाके में रूस समर्थक लोग बसते हैं, जो खुद को यूक्रेन से अलग मानते है।

पोक्रोवस्क यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सड़क और रेल केंद्र रहा। लड़ाई से पहले क्षेत्र की आबादी करीब साठ हजार थी, जो अब घटते हुए दस हजार बची है। शहर का महत्व इसलिए भी बेहद ज्यादा है क्योंकि ये आपूर्ति मार्ग की तरह काम करता रहा ये शहर एक तरह का गढ़ रहा, जहां से बैठकर यूक्रेन की सेना लड़ाई में टूट चुके शहरों तक जरूरी चीजों की आपूर्ति करती। शहर यूक्रेन के उस भाग में आता है, जिसे डोनेट्स्क कहते हैं। रूस के बार्डर पर बसा होने की वजह से इसका रणनीतिक महत्व काफी अधिक है।

डोनेट्स्क क्षेत्र में रशियन बोलने वालों का प्रतिशत ज्यादा है जो खुद को रूस के करीब मानते हैं। डोनेट्स्क की लगभग 75 फीसदी जनसंख्या रूसी बोलती है। वे कल्चरली भी रूस से जुड़े हुए हैं। साल 2014 में रूस-यूक्रेन संघर्ष के पहले यहां के लोग रूस के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की वकालत करते रहे है। हालांकि संघर्ष के बाद दोनों देशों की दूरियां बढ़ीं, इस दौरान इस पूरे इलाके के लोग रूस से और भी ज्यादा जुड़ने लगे। साल 2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद यहां के लोग खुलकर मॉस्को के सपोर्ट में आ गए। यूक्रेनी सेना और रूसी सपोर्टरों के बीच भारी जंग भी हो चुकी।

यहां कई अलगाववादी गुट हैं, जो रूस के पक्ष में आंदोलन चलाते हैं। डोनेट्स्क, जिसमें पोक्रोवस्क शहर भी आता है, के अलावा एक और इलाका लुहान्स्क भी रूस का समर्थन करने वाले अलगाववादियों से भरा हुआ है। यहां एक जनमत संग्रह भी हुआ, जिसमें 80 फीसदी से ज्यादा आबादी ने अपने अलग रिपब्लिक की बात की। वहीं रूस ने मौके देखकर डोनेट्स्क और लुहान्स्क को औपचारिक तौर पर यूक्रेन से अलग मान्यता दे दी। अब युद्ध के दौरान ये जरूरी इलाके और संवेदनशील हो चुके।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ

## सेंसेक्स 1176 अंक , निफ्टी 364 अंक नीचे आया

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार शुरूवार को भी भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन के अंतिम कारोबारी सत्र में बेंचमार्क इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी एक फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी आज गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1176.46 अंक करीब 1.49 फीसदी नीचे आकर 78,041.59 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 364.20 अंक तकरीबन 1.52 फीसदी नीचे आकर 23,587.50 पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के आज सेंसेक्स के 28 शेयर नीचे आकर लाल निशान पर बंद हुए। टेक महिन्द्रा, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एसबीआई, टीसीएस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, कोटक बैंक, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक मारुति, एशियन पेंट्स, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे।

दूसरी ओर, सेंसेक्स के केवल 2 शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। नेस्ले इंडिया में 0.12 फीसदी और टाइटन में 0.07 फीसदी की हल्की बढ़त रही।

आज सभी क्षेत्रों में बिकवाली का माहौल रहा। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सिलेक्ट टेलीकॉम और निफ्टी वित्तीय सेवाओं में 3 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी पीएसयू बैंक भी बुरी तरह प्रभावित हुए, जो 2 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी के 45 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और ट्रेंट में सबसे अधिक गिरावट रही, जिनमें 3.90 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सिर्फ 5 स्टॉक्स डॉ. रेड्डीज लैब, टाइटन, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई बैंक बढ़त के साथ बंद हुए, जिनमें अधिकतम 1.49 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इससे पहले आज सुबह शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 66.87 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 79,284.92 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 50 में 22.2 अंकों की गिरावट देखी गई और यह 23,929.50 पर था, जो 0.09 फीसदी की कमजोरी को दशार्ता है। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से केवल 8 स्टॉक्स बाजार खुलने के बाद बढ़त पर कारोबार करते दिखे। दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट देखी गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.7 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 1.1 फीसदी नीचे आ गया। अमेरिका में तीसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़ों ने मजबूत उपभोक्ता खर्च के चलते 3.1 फीसदी की जीडीपी में वृद्धि दिखाई, जो पहले के 2.8 फीसदी अनुमान से ज्यादा थी। हालांकि, अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। डॉव जोंस ने 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ अपनी लंबी गिरावट को रोका, जबकि एसएंडपी ढ 500 में 0.09 फीसदी और नैस्डैक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

# युवा पीढ़ी को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जोड़ेगी समरगाथा: प्रधान

**नयी दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अमृतकाल' के विचार के अंतर्गत यह समय हमारी गौरवशाली विरासत को सहेजने तथा उसे नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का है और इस दिशा में 'समर गाथा' एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो युवाओं को इतिहास से जुड़ने एवं देशभक्ति की भावना को प्रबल करने में सहायक होगी।



श्री प्रधान ने गुरुवार देर शाम यहां आयोजित एक कार्यक्रम में ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. नरेंद्र जैन- नंदाजी के लेखों पर आधारित पुस्तक 'समर गाथा' का विमोचन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा की नंदाजी ने अपने लेखों के माध्यम से न केवल इतिहास के पन्नों को जीवंत किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और संघर्ष की प्रेरणा भी दी है। नंदाजी की यह पुस्तक उनके अमूल्य लेखन का संग्रह है, जिसमें उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अनेक अनसुने पहलुओं को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का कोई ऐसा जिला, कोई गाँव नहीं होगा जहाँ स्वतंत्रता संग्रामियों की वीर गाथाएँ न हो। देश के हर अंचल में ऐसी अनकही कहानियाँ हैं। प्रधानमंत्री के प्रयासों से ऐसे अनगिनत गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाया जा रहा है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग के सदस्य धन्य कुमार जिनाप्पा गुंडे जी, मध्य प्रदेश प्रशासनिक सुधार आयोग के सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने भी नंदाजी के लेखों की सराहना की और बताया कि कैसे देश के अनेक गुमनाम शहीदों को हमें याद करने की आवश्यकता है।

# पश्चिमी यूपी के लोगों को मिलेगी सौगात, मेरठ से काशी तक चलेगी वंदेभारत

**नई दिल्ली**

पश्चिमी यूपी के लोगों के लिए खुशखबरी अब वे आसानी से वंदेभारत एक्सप्रेस से काशी जा सकेंगे। भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र के लिए एक नई वंदेभारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जो मेरठ से काशी तक जाएगी। वर्तमान में मेरठ से लखनऊ के बीच वंदेभारत चल रही है और इसे अब काशी तक बढ़ाया जा रहा है। यह ट्रेन लखनऊ से रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से पश्चिमी यूपी के लोगों को एक सीधी और आरामदायक कनेक्टिविटी मिल जाएगी।



इस वंदेभारत ट्रेन का मार्ग हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए बनारस तक पहुंचेगा। हालांकि इसका शेड्यूल अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन रेल मंत्रालय के मुताबिक जल्द ही इसकी समय सारणी और स्टॉपेज की जानकारी दी जाएगी। वर्तमान में भारत में 55 से ज्यादा वंदेभारत एक्सप्रेस चल रही है, और इसकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। वंदेभारत के सफर में यात्रियों को काफी आराम और सुविधाएं मिलती हैं। कई प्रमुख शहरों में दो-दो वंदेभारत एक्सप्रेस चलाई जा रही हैं, ताकि यात्रियों को सुबह और शाम दोनों समय विकल्प मिल सके।

## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कार्यकाल का एक साल पूरा- सदन ने दी बधाई

**भोपाल**

मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कार्यकाल को आज पूरा एक साल हो गया है। तमाम नवाचारों और व्यवस्थित सदन की कार्यवाही चलाने में अग्रणी रहे तोमर को शुक्रवार को विधानसभा में सभी सदस्यों ने बधाई दी।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से अनुमति लेते हुए कहा कि आज आपके कार्यकाल का पूरा एक साल हो गया है। आपके नवाचार और सदन की बेहतर कार्यवाही के लिए आपको बधाई देता हूं। पटेल नहं कहा कि आपके नवाचार का सबसे सटीक उदाहरण ई-विधानसभा है। इसके जरिए कोई भी सदस्य कहीं से भी अपने प्रश्न दे सकता है और जवाब ले सकता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बधाई देते हुए कहा कि अध्यक्ष तोमर ने दोनों पक्षों का बेहतर तरीके से ख्याल रखा है। सत्र पूरे समय तक चल रहा है और अधिसूचना की दिनांक तक चलाया जा रहा है इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी बात रखने के लिए मंगलवार का दिन तय करना भी अध्यक्षजी का बड़ा निर्णय है। ये मध्य प्रदेश में पहली वार किया गया नवाचार है। इसके बाद अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया और कहा कि ये सबकुछ आपके सहयोग और अच्छे भाव के कारण संभव हुआ है।

## मंडोरी जंगल में करोड़ों के सोने से भरी कार बरामद



**भोपाल**

राजधानी भोपाल में इन दिनों ईडी,आईटी के रडार पर रियल एस्टेट कारोबारी लगातार बने हुए हैं। बीते दिनों विभाग द्वारा इन कारोबारों से जुड़े कई लोगों पर कार्यवाही कर करोड़ों रुपए का केश और चल-अचल संपत्ति की दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इसी बीच भोपाल के मंडोरी जंगल से आयकर विभाग की भारी भरकम टीम ने 52 किलो सोना कार में भरा हुआ बरामद किया है। इस सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लख रुपए बताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आशंका है कि जिन रियल एस्टेट कारोबारिया के खिलाफ कार्यवाही जारी है, इस सोने के तार उनसे जुड़े हो सकते हैं। यह आशंका भी है, कि करोड़ों के सोने को कार में भरकर राजधानी से बाहर किसी दूसरे प्रदेश में भेजा जा रहा था। बिल्डरों के खिलाफ जारी कार्यवाही के दौरान टीम को सोने के संबंध में भी सुराग मिले थे। सोना बरामद करने के लिए लगभग 100 पुलिसकर्मियों से अधिक की टीम 30 गाड़ियों में भरकर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे मंडोरी के जंगल पहुंची और कार में भरा सोना बरामद किया।

# ऑनलाइन प्यार के चक्कर में बुजुर्ग को लगा 22 लाख का चूना

**सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के 63 वर्षीय पेंशनर ट्रेसी स्केट्स ऑनलाइन प्यार के चक्कर में ठगी के शिकार हो गए और अपनी जिंदगी भर की गाढी कमाई लुटा बैठे। दरअसल ट्रेसी स्केट्स इंस्टाग्राम पर एक महिला से मिले, जिसने उनका भरोसा जीत लिया।



इस महिला ने खुद को शार्लोट बताया और अमेरिका की रहने वाली होने का दावा किया। अक्टूबर 2023 में हुई उनकी पहली बातचीत जल्दी ही प्यार और शादी के वादों में बदल गई। ट्रेसी और शार्लोट के रिश्ते ने तेजी से गति पकड़ी। कुछ ही दिनों में शार्लोट ने ट्रेसी से अपने फोन की मरम्मत के लिए 500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मांगे, जो ट्रेसी ने खुशी-खुशी दे दिए। इसके बाद उसने कहा कि वह ट्रेसी से मिलने और उनकी पत्नी बनने के लिए ऑस्ट्रेलिया आना चाहती है। शार्लोट के इन वादों ने ट्रेसी को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने उसे हर महीने 4,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (2 लाख रुपये से अधिक) भेजने शुरू कर दिए। प्यार के नाम पर हुए इस धोखे ने ट्रेसी की जिंदगी तबाह कर दी।

उन्होंने शार्लोट की लगातार बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अपनी कार और कीमती गिटार तक बेच दिए। अब तक उन्होंने महिला को करीब 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (22 लाख रुपये) भेज दिए थे। हालांकि, शार्लोट कभी ऑस्ट्रेलिया नहीं आई। हर बार, वह नई-नई समस्याओं का बहाना बनाती। एक बार उसने कहा कि एयरपोर्ट जाते समय उसका एक्सीडेंट हो गया और वह कोमा में चली गई। दूसरी बार उसने कहा कि किसी ने उसके सामान में ड्रग्स रख दी, जिसके कारण वह पुलिस केस में फंस गई। सच्चाई तब सामने आई, जब ट्रेसी ने रिवर्स इमेज सर्च किया और पाया कि शार्लोट की तस्वीरें असल में कोलंबियाई बिकनी मॉडल यिसेला एवेंडानो की थीं, जो सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। हालांकि, यह सच्चाई जानने के बावजूद ट्रेसी ने पैसे भेजना बंद नहीं किया।

उनका कहना था कि वह भावनात्मक रूप से इतना जुड़ गए थे कि खुद को रोक नहीं पाए। इस धोखे ने ट्रेसी की आर्थिक स्थिति बर्बाद कर दी। उन्होंने अपनी विकलांगता पेंशन का 80 प्रतिशत हिस्सा भी इस महिला को भेज दिया, जिससे उनकी खुद की जरूरतें पूरी नहीं हो पाईं। आज हालत यह है कि ट्रेसी को टेंट में रहना पड़ रहा है। उन्होंने अपने पालतू जानवरों को भी छोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि उनके पास उन्हें खिलाने तक के पैसे नहीं हैं।

## ऑस्कर 2025 : लापता लेडीज को शॉर्टलिस्ट में नहीं मिली जगह



**मुंबई**

अभिनेता आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म लापता लेडीज को ऑस्कर 2025 की घोषित शॉर्टलिस्ट में इस फिल्म को जगह नहीं मिली। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने विभिन्न श्रेणियों में टॉप 15 फिल्मों की सूची जारी की, जिसमें लापता लेडीज का नाम शामिल नहीं था।

लापता लेडीज ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अनोखी कहानी है, जो दो युवा दुल्हनों के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेन में उनकी अदला-बदली के कारण कई हास्यप्रद और भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। नवोदित कलाकार रांटा, नितांशी गोयल और स्पर्श श्रीवास्तव ने फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस, जियो स्टूडियोज और किंडलिंग पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को 1 मार्च 2024 को रिलीज किया गया था और इसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने ऑस्कर शॉर्टलिस्ट में जगह न बना पाने पर आधिकारिक बयान जारी किया है। बयान में लिखा गया, हम निश्चित रूप से निराश हैं कि लापता लेडीज शॉर्टलिस्ट में शामिल नहीं हो पाई, लेकिन हमें गर्व है कि हमारी फिल्म ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह पूरी प्रक्रिया हमारे लिए सम्मान की बात थी। हम एफएफआई जूरी और अकादमी के सदस्यों के आभारी हैं।

आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया कि यह असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। उन्होंने कहा, हम और भी बेहतरीन कहानियां बनाने और उन्हें दर्शकों के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया भर से मिले प्यार और समर्थन के लिए हम आभारी हैं। हम सभी शॉर्टलिस्ट की गई फिल्मों को शुभकामनाएं देते हैं। फिल्म का गाना सजनी 2024 का सबसे लोकप्रिय ट्रैक बना हुआ है। स्पोटीफाय इंडिया पर इसे 186 मिलियन से अधिक बार स्ट्रीम किया गया है, और सोशल मीडिया पर भी यह खूब ट्रेंड कर रहा है।

# ख्वाजा, मैकस्वीनी और लाबुशेन फार्म हासिल करने बेसिक्स पर ध्यान दें : हीली

**मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने मेजबान टीम के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा,नाथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन के खराब फॉर्म पर चिन्ता जतायी है। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को लया हासिल करने के लिए अपने बेसिक्स (मूल बातों) पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम की ओ से इस सीरीज में अब तक ट्रैविस हेड ही लगातार रन बना रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने हालांकि तीसरे

टेस्ट में शतक लगया था पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था। यह मैच ड्रॉ रहा, जिससे पांच मैच की श्रृंखला अभी 1झ1 से बराबरी पर है। हीली ने कहा, ह्यमुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले इस बल्लेबाजों पर किसी तरह का दबाव बनाएगा पर ये सही है कि वे फॉर्म में नहीं है।

टीम के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भी अब तक इस सीरीज में रन बनाने में विफल रहे हैं। हीली ने कहा, ह्यचयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या यह तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि मेलबर्न टेस्ट मैच फॉर्म में वापसी करने के लिए इन तीनों बल्लेबाजों के लिए सबसे बेहतर अवसर होगा क्योंकि इस विकेट से बल्लेबाजों को भी सहायता मिलती है।

## अश्विन के बाद कई और खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास

**मुम्बई**

अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के अचानक लिए संन्यास से सभी हैरान हैं। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद ही खेल का अलविदा कह दिया था। वहीं माना जा रहा है कि ये केवल एक शुरूआत है और आने वाले दिनों में बढ़ती उम्र को देखते हुए कई सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले सकते हैं। जिससे की युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह मिल सके। एक रिपोर्ट के अनुसार अगले साल कई बड़े खिलाड़ी खेल को अलविदा कह सकते हैं। इन खिलाड़ियों के सन्यास की घोषिणा अगले साल जून-जुलाई में होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले ही हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (डब्लयूटीसी) चक्र की भारत की अंतिम सीरीज है।

अश्विन के अलावा विराट कोहली, रोहित शर्मा अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रविंद्र ने 2012 और 2013 के बीच इसी तरह के बदलाव से गुजर रही टीम इंडिया में कोर खिलाड़ियों के रूप में अपनी जगह बनाई थी। तब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण ने संन्यास लिया था। कप्तान रोहित भले ही कह रहे है कि जो भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है उसके लिए टीम में जगह है पर यह तय है कि अब पुजारा और रहाणे टीम की योजनओं में शामिल नहीं हैं। अश्विन को भी न्यूजीलैंड सीरीज में अचाक वॉशिंगटन सुंदर की से बदलाव के संकेत मिल गये थे। रिपोर्ट के अनुसार अश्विन का यह निर्णय कितना योजनाबद्ध था पर जिस प्रकार से कई सीनियर खिलाड़ी 35 से अधिक की उम्र के हो गये हैं। उ

## डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अभी भी भारतीय टीम के पास है अवसर

**मुम्बई**

ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भी भारतीय टीम के पास अभी भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में प्रवेश का अवसर है। भारतीय टीम को सीधे प्रवेश के लिए सीरीज के बचे हुए दोनो मैच जीतने होंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। दो जीत से भारतीय टीम की जीत का प्रतिशत 60.53 पहुंच जाएगा। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका से 2-0 से सीरीज जीतने के बाद भी 57.02 प्रतिशत अंक ही ला पाएगा। दूसरी ओर अगर भारतीय टीम एक टेस्ट जीतती है और एक ड्रॉ रहता है तो उनके 57.02 प्रतिशत अंक होंगे और इन हालातों में ऑस्ट्रेलिया उससे तभी आगे निकल सकत है जब वह श्रीलंका को 2-0 से हराए, तब ऑस्ट्रेलिया के 58.77 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। अगर भारत 2-1 से सीरीज जीत जाता है तो ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका को 1-0 से अधिक के अंतर से हराना होगा या दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान से कम से कम 0-1 से हार की दुआ करनी होगी। अगर सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो तब भारत 55.26 प्रतिशत पर रहेगा और इन हालातें में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से कम से कम 1-0 से हार झेलनी होगी या दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से 2-0 से हारना होगा तभी भारतीय टीम के पास अवसर रहेगा ।

अगर सीरीज 1-1 से ड्रॉ पर रहे : तब भारत 53.51 जीत प्रतिशत पर समाप्त करेगा। ऐस में उसे फाइनल में प्रवेश के लिए दक्षिण अफ्रीका की दोनो ही टेस्ट में हारने की उम्मीद करनी होगी। या ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से सीरीज 1-0 से हारनी होगी या 0-0 से ड्रा करनी होगी। अगर दोनों सीरीज ड्रॉ होती हैं तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के 53.51 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे, लेकिन भारत इस चक्र में अधिक सीरीज जीतने की वजह से आगे बढ़ जाएगा, लेकिन श्रीलंका 2-0 से जीतता है तो वे भारत से आगे बढ़ जाएंगे। अगर भारत 1-2 से हारता है। तब भारत के 51.75 प्रतिशत जीत अंक होंगे और वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंच जाएंगे।

# म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने फिल्म के चयन पर सवाल उठाए

**मुंबई**

आस्कर 2025 के लिए भारतीय म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने फिल्म के चयन पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए रिकी केज ने फिल्म के ऑस्कर रेस से बाहर होने पर निराशा व्यक्त की और भारत की फिल्म चयन प्रक्रिया को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

भारत की आधिकारिक ऑस्कर प्रविष्टि ह्यलापता लेडीस को 97वें अकादमी पुरस्कारों के इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में जगह नहीं मिली। इससे निराश रिकी केज ने ह्यलापता लेडीसह्ण के पोस्टर के साथ एक नोट साझा करते हुए लिखा, यह एक बहुत अच्छी और मनोरंजक फिल्म है, जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से पसंद किया,



लेकिन इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसका चयन गलत था। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी क्योंकि फिल्म अकादमी की शॉर्टलिस्ट में स्थान नहीं बना पाई। केज का मानना है कि भारत हर साल गलत फिल्मों का चयन करता है और हमें यह समझना होगा कि हमारे पास कई बेहतरीन फिल्में हैं जो अकादमी द्वारा सम्मानित हो सकती हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि भारतीय फिल्म उद्योग मुख्य रूप से ह्यमेनस्ट्रीम बॉलीवुडह्ण के बुलबुले में फंसा हुआ है, जहां केवल वही फिल्में पसंद की जाती हैं जो आम दर्शकों को आकर्षित करती हैं, लेकिन अकादमी के वोटिंग में इनका सही तरीके से मूल्यांकन नहीं किया जाता।

केज ने यह सलाह दी कि भारत को उन फिल्मों का चयन करना चाहिए, जो कला के उच्चतम मानकों पर खरी उतरती हों, चाहे वे बड़ी बजट की हों या छोटी, और चाहे उनमें सितारे हों या नहीं।

रिकी केज ने आगे कहा, हम उन फिल्मों का चयन करते हैं जिन्हें हम खुद मनोरंजक पाते हैं, लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि अकादमी का सम्मान पाने के लिए फिल्मों में बेहतरीन कलात्मकता और अंतरराष्ट्रीय अपील होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अकादमी के सदस्य शायद केवल फिल्म के पोस्टर देखकर ही इसे खारिज कर देते हैं। ह्यलापता लेडीसह्ण को लेकर रिकी केज की यह प्रतिक्रिया उस समय आई है जब फिल्म को भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया था, लेकिन यह अगले दौर की 15 फिल्मों में स्थान नहीं बना सकी।

## नेपोटिज्म के लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार: कृति सेनन



**मुंबई**

हाल ही में अभिनेत्री कृति सेनन अपने करीबी दोस्त कबीर बहिया के साथ एक शादी समारोह में नजर आईं।

कृति सेनन फिल्मों के साथ-साथ अपनी बेबाक राय के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में उन्होंने नेपोटिज्म के मुद्दे पर खुलकर बात की।

कृति ने कहा, ह्लफिल्म इंडस्ट्री ने मुझे गले लगाया है, लेकिन यह सच है कि जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते, तो आपको यहां अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आपके लिए मौके पाना, मैगजीन के कवर पर जगह बनाना और बड़े बैनर की फिल्मों में काम करना आसान नहीं होता। लेकिन अगर आप टैलेंटेड हैं और मेहनत करते हैं, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।ह्व नेपोटिज्म के लिए सिर्फ बॉलीवुड को जिम्मेदार ठहराने से इनकार करते हुए कृति ने कहा, ह्लमीडिया और दर्शक भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। जब दर्शक स्टार किड्स की फिल्मों को ज्यादा पसंद करते हैं, तो इंडस्ट्री को भी लगता है कि उन्हीं पर दांव लगाना सही है। यह एक चक्र है, लेकिन अगर आपमें टैलेंट है और आप दर्शकों से जुड़ सकते हैं, तो कोई भी चीज आपकी सफलता को रोक नहीं सकती।ह्व कृति की यह बेबाक राय और उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। वहीं, उनके और कबीर के रिश्ते को लेकर भी अटकलें जारी हैं। बता दें कि इस शादी समारोह में कृति ने भारतीय शादियों की खूबसूरती और अपने पसंदीदा गाने को लेकर अपनी पसंद जाहिर की।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर समारोह से जुड़ी कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह पारंपरिक परिधानों में बेहद आकर्षक लग रही थीं। एक तस्वीर में कृति मेहंदी लगवाते हुए दिखीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, ह्लभारतीय शादियों और सुखबीर के ह्यओह हो हो होह्ण पर डांस करने का कुछ अलग ही मजा है!ह्व इन तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कृति और कबीर के बीच के रिश्ते को लेकर चर्चा तेज हो गई। दोनों के डेटिंग की खबरें तब से सुर्खियों में हैं, जब उनकी ट्रिप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। हाल ही में कृति ने कबीर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने लिखा, ह्लजन्मदिन मुबारक हो कबीर! आपकी मासूम मुस्कान हमेशा बनी रहे।ह्व

# फिल्म डकैत: ए लव स्टोरी का पोस्टर जारी

**मुंबई**

अपने 40वें जन्मदिन पर टॉलीवुड अभिनेता अदिवी शेष ने फिल्म डकैतः ए लव स्टोरी का पोस्टर जारी किया। पूर्व में फिल्म में श्रुति हासन को लीड रोल में कास्ट किया गया था, लेकिन पोस्टर में मृणाल ठाकुर को देखकर फैंस हैरान रह गए।

इस बदलाव को लेकर श्रुति के फैंस ने निराशा जताई, लेकिन मृणाल के प्रशंसकों ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया। पोस्टर में अदिवी शेष गंभीर और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं, जबकि मृणाल का रूप बेहद शक्तिशाली दिख रहा है। डकैतः ए लव स्टोरी का निर्देशन शनियल देव ने किया है, और यह फिल्म एक साहसिक प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म में अदिवी शेष एक गुस्सैल अपराधी का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने की योजना बनाता है। कहानी के मुताबिक, दोनों पूर्व प्रेमी एक खतरनाक डकैती के मिशन पर साथ आते हैं, जो उनकी जिंदगियों को




पूरी तरह बदल देता है।

फिल्म के पोस्टर ने न केवल कहानी की जटिलताओं को उजागर किया, बल्कि दर्शकों के बीच फिल्म के लिए उत्सुकता भी बढ़ा दी है। मृणाल ठाकुर ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह उनके करियर का अब तक का सबसे अनोखा रोल है। उन्होंने बताया कि डकैतः ए लव स्टोरी की कहानी अपने सार में सच्ची और देसी है, और यह उन्हें कुछ नया करने का मौका देगी। पोस्टर में मृणाल को बंदूक थामे एक आक्रामक अंदाज में देखा जा सकता है, जो उनके किरदार की ताकत को बखूबी दशार्ता है। फिल्म की कहानी और पटकथा खुद अदिवी शेष और निर्देशक शनियल देव ने मिलकर लिखी है।इसे सुप्रिया यारलागड्डा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि सुनील नारंग सह-निमार्ता हैं। अन्नपूर्णा स्टूडियो इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहा है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है, और इसके बाद महाराष्ट्र में एक और शेड्यूल पूरा किया जाएगा। अदिवी शेष के जन्मदिन पर इस पोस्टर रिलीज ने उनके फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। यह फिल्म तेलुगु और हिंदी में एक साथ बनाई जा रही है, जिससे इसका पैन-इंडिया अपील और मजबूत हो गया है। अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की जोड़ी दर्शकों को कितना पसंद आएगी, यह तो रिलीज के बाद ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल पोस्टर ने सभी का ध्यान खींच लिया है।

## डॉक्यू-सीरीज द रोशन की रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई**

डॉक्यू-सीरीज ह्यद रोशनह्ण की रिलीज डेट का ऐलान नेटफ्लिक्स इंडिया ने कर दिया है। शो का प्रीमियर 17 जनवरी 2025 को होगा। यह डॉक्यू-सीरीज भारतीय फिल्म उद्योग में रोशन परिवार की तीन पीढ़ियों की विरासत और उनके योगदान को समर्पित है।

नेटफ्लिक्स ने इस घोषणा के साथ एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन और चाचा राजेश रोशन के साथ नजर आ रहे हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने लिखा, ह्ललाइट्स, कैमरा, परिवार! संगीत, फि ल्मों और विरासत को परिभाषित करने वाले बंधन के जरिए रोशन की दुनिया में गोता लगाएँ। 17 जनवरी




को आने वाली ह्यद रोशनह्ण को सिर्फ. नेटफ्लिक्स पर देखें।ह्व यह डॉक्यू-सीरीज दिवंगत संगीत निर्देशक रोशन लाल नागरथ से लेकर उनके बेटे राजेश रोशन (प्रसिद्ध संगीतकार), राकेश रोशन (निर्देशक, निमार्ता और अभिनेता), और उनके पोते ऋतिक रोशन (सुपरस्टार अभिनेता) की निजी और पेशेवर यात्रा को दर्शाएगी। इसमें रोशन परिवार के जीवन के अनछुए पहलुओं को दिखाने के साथ ही फिल्म और संगीत जगत में उनके योगदान पर रोशनी डाली जाएगी। डॉक्यू-सीरीज का निर्देशन राकेश रोशन और फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज शशि रंजन ने किया है। इसमें रोशन परिवार के साथियों, दोस्तों और सहकर्मियों के इंटरव्यू शामिल हैं, जो उनकी विरासत और उनके साथ अपने अनुभवों को साझा करेंगे।

इस पर रोशन परिवार ने कहा, ह्लहम नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी करके बहुत उत्साहित हैं। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से हम अपनी अब तक अनकही कहानियां दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को आकार दिया।ह्व वर्क फ्रंट की बात करें तो ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। वह जूनियर एनटीआर के साथ ह्यवॉर 2ह्ण की शूटिंग में लगे हुए हैं। इसके अलावा, वह सुपरहीरो फ्रैंचाइजी ह्यकृष 4ह्ण में भी नजर आएंगे।

**विशेष सूचना**

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431

किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार